स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आज का मौसम 32.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.41 सूर्यास्त 06.45

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी 11:50 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082 | कानपुर | शुक्रवार, 15 अगस्त 2025, वर्ष 3, अंक 356, पृष्ठ 24 ▪ मूल्य 5 रुपये




भारत ने पाकिस्तान को दी चेतावनी दुस्साहस के परिणाम होंगे कष्टकारी - 23



गिल का इंग्लैंड में प्रदर्शन अविश्वसनीय था : युवराज - 24

## शुभकामना/सूचना

समस्त सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। इस अवसर पर 15 अगस्त को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

–संपादक

# विकास में वैश्विक लीडर बनेगा यूपी, त्रिस्तरीय लक्ष्य तय : योगी

## विकसित यूपी के लिए तय किए अल्प, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्य, यूपी विजन डॉक्यूमेंट-2047 को लेकर खींचा विकास का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विस मानसून सत्र**



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के चौथे और अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 को लेकर विकास का पूरा खाका प्रस्तुत किया।

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि हम कई क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश को वैश्विक लीडर बनाने का त्रिस्तरीय लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। विकसित यूपी के लिए अल्प, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किए गए हैं। योगी ने इस त्रिस्तरीय यानि अल्पकालिक (2029-30), मध्यमकालिक (2035-36) और दीर्घकालिक (2046-47) लक्ष्यों को विस्तार से सदन के सामने रेखांकित किया, जो उत्तर प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक रूप से वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में एक रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2029-30 तक कृषि उत्पादकता को बढ़ाने, वैज्ञानिक तकनीकों का विस्तार, फसल विविधीकरण और निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भंडारण सुविधाओं को मजबूत कर किसानों की आय को बढ़ाने की योजना है। उद्योगों के लिए प्रदेश को एक मजबूत एमएसएमई हब के रूप में विकसित किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में निर्यात को चार गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और अगले पांच वर्षों में विकास दर को 14-15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के अनुरूप, उत्तर प्रदेश भी 1 से 6 ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ने का रोडमैप बना रहा है। इसके लिए राज्य का जीडीपी योगदान 9.3 प्रतिशत से बढ़ाकर जनसंख्या अनुपात 16 प्रतिशत के बराबर करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

### आपदा प्रबंधन को लांच करेंगे सैटेलाइट

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इसरो के सहयोग से उत्तर प्रदेश अपना स्वयं का सैटेलाइट लॉन्च करेगा, जो आपदा प्रबंधन और मौसम की जानकारी प्रदान करेगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में यूपी को वैश्विक लीडर बनाने का भी लक्ष्य है। आईटी पार्कों का निर्माण और आईटी अवसरों को रोजगार में बदलने की दिशा में भी कार्य होगा।

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि का होगा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2 लाख रुपये है, जबकि उत्तर प्रदेश का औसत काफी कम है। लक्ष्य है कि 2047 तक प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर या उससे अधिक यानी 26 लाख रुपये वार्षिक हो। कहा कि सरकार का उद्देश्य विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश व आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर यूपी के संकल्प को मूर्त रूप देना है।

### चर्चा का बनाया रिकॉर्ड, सदन स्थगित

विधानसभा में विजन 2047 पर 24 घंटे से अधिक चली ऐतिहासिक चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विकसित तब बनेगा, जब हर राज्य अपनी भूमिका निभाएगा और इसमें यूपी सबसे आगे रहेगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के 187 विधायकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी ने गंभीरता से बहस को सार्थक बनाया। कुछ सदस्यों ने तो रातभर जागकर चर्चा में योगदान दिया जो एक रिकॉर्ड है। बाद में सदन अनिश्चितकाल को स्थगित कर दिया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### हथियार लाइसेंस के लिए पोर्टल की शुरुआत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को एक पोर्टल की शुरुआत की जिसके माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले मूल निवासी हथियारों के लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार नागरिकों को राज्य में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की मदद करने में सक्षम बनाना है। लाइसेंस उचित जांच और बहुस्तरीय प्रक्रिया के बाद जारी किए जाएंगे।

### अग्निवीरों के लिए विशेष ऋण योजना

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार के अल्पकालिक अग्निपथ भर्ती कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों के लिए एक विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। इस ऋण योजना के तहत बैंक में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर बिना गारंटी के चार लाख तक का ऋण ले सकते हैं।

### जम्मू में सुरक्षा कड़ी सीमा पर सतर्कता

**जम्मू।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के आलोक में गुरुवार को जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पार से किसी भी नापाक मंसूबे को नाकाम करने के लिए नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है।

## अंदर देखें ... यूरेका




# किश्तवाड़ में बादल फटने से 48 की मौत, 220 से अधिक लापता

## बचाव अभियान में जुटे अधिकारी, भारी जानमाल का नुकसान

- चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए जुटे थे हजारों लोग, गांव में चारो तरफ चीखें


जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मचैल माता मंदिर के मार्ग पर एक दूरदराज के गांव में गुरुवार को बादल फटने से 48 लोगों की मौत हो गई जबकि 220 से अधिक लोग लापता हैं। बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। यह बादल चशोती में फटा जो मंदिर के मार्ग पर स्थित ऐसा अंतिम गांव है जहां किसी वाहन से पहुंचा जा सकता है। चशोती में दोपहर 12 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच उस समय बादल फटा जब बड़ी संख्या में लोग मचैल माता मंदिर की यात्रा के लिए एकत्र हुए थे। चशोती से मंदिर तक की 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू होती है।

अधिकारियों ने बताया कि 48 शव बरामद किए गए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चशोती किश्तवाड़ से लगभग 90 किलोमीटर दूर 9,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालुओं के लिए आयोजित लंगर को बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से इस संबंध में बात की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, चशोती क्षेत्र में बादल फटने की एक बड़ी घटना हुई है, जिससे भारी जनहानि होने की आशंका है। प्रशासन कार्रवाई में तुरंत जुट गया है और बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है और आवश्यक बचाव एवं चिकित्सा प्रबंधन व्यवस्था की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा स्थगित कर दी गई है तथा प्राधिकारी सभी संसाधन जुटाने और बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान चलाने के लिए घटनास्थल रवाना हो गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दो दल उधमपुर से किश्तवाड़ भेजे गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेश सिंह भी बचाव अभियान की निगरानी के लिए प्रभावित क्षेत्र रवाना हो गए हैं।




बादल फटने के बाद चशोती गांव में क्षतिग्रस्त इमारतें–वाहन और उखड़े हुए पेड़। ● एजेंसी

### उप राज्यपाल सिन्हा ने शोक जताया

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना में हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, किश्तवाड़ के चशोती में बादल फटने की घटना से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। असैन्य, पुलिस, सेना, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) अधिकारियों को बचाव एवं राहत अभियान को और तेज करने तथा प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

**उमर ने शाह को दी जानकारी :** जम्मू। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर गांव में बादल फटने की भीषण घटना के बाद की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सटीक व सत्यापित जानकारी आने में देरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साहब से बात की और उन्हें जम्मू के किश्तवाड़ क्षेत्र में स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह घटना गंभीर है और बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से सटीक व सत्यापित जानकारी आने में देरी हो रही है।

# मोदी 12वीं बार लाल किले से करेंगे संबोधन



- राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास को कर सकते हैं रेखांकित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 12वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यह संबोधन ऐसे समय पर हो रहा है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को कुछ महीने ही हुए हैं और विपक्षी दल चुनाव में कथित गड़बड़ियों को लेकर एकजुट होकर उनकी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं।

मोदी इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास और अपने कार्यकाल में कल्याणकारी मॉडल के विस्तार पर भारत के अडिग रुख को रेखांकित कर सकते हैं। साथ ही वह व्यापार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के प्रति प्रतिकूल रुख से उत्पन्न आर्थिक और विदेशी संबंधों की अनिश्चितता के माहौल पर भी बोल सकते हैं। प्रधानमंत्री पिछले काफी समय से 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में मदद के लिए स्वदेशी तकनीक और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देकर देश को 'आत्मनिर्भर' बनाने पर बार-बार जोर दे रहे हैं और देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से उनके भाषण में इसी बात को दोहराया जा सकता है। हाल में लगातार दो बार प्रधानमंत्री बनने के इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद, मोदी अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन के साथ, लाल किले की प्राचीर से दिए गए इंदिरा के लगातार 11 भाषणों को पीछे छोड़ते हुए, इस मामले में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद दूसरे स्थान पर होंगे। इंदिरा गांधी जनवरी 1966 से मार्च 1977 तक, और फिर जनवरी 1980 से अक्टूबर 1984 में अपनी हत्या तक, प्रधानमंत्री पद पर रहीं।

### सद्भाव को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हर साल 14 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की लोगों की जिम्मेदारी की याद दिलाता है। मोदी ने लाखों लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर करने वाली अकथनीय पीड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन भारत को उस उथल–पुथल एवं दर्द की याद दिलाता है जो देश के इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों ने झेला था। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, यह उनके साहस का सम्मान करने का भी दिन है। (यह) अकल्पनीय क्षति झेलने और फिर नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत हासिल करने की उनकी क्षमता का (सम्मान है)।

# पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

- जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जे पर केंद्र से मांगा जवाब



उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब मांगा और कहा कि हाल में पहलगाम घटना सहित जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने कहा कि आपको जमीनी हकीकत को भी ध्यान में रखना होगा...पहलगाम में जो हुआ, उसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते।

वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन समेत वकीलों ने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था, जिसके जवाब में सीजेआईने यह टिप्पणी की। उनके साथ पीठ में न्यायमूर्ति के. विनोद भी शामिल रहे। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि पहले भी अदालत ने ऐसी याचिकाओं पर जुर्माना लगाया था। मेहता ने कहा कि चुनाव होते हैं, 'मॉय लॉर्ड' देश के इस हिस्से से उभरने वाली विशेष स्थिति से अवगत हैं और निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई विचार शामिल हैं।

पीठ ने शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता अहमद मलिक द्वारा दायर याचिका को आठ सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। भट्ट की ओर से पेश हुए शंकरनारायणन ने कहा कि संविधान पीठ का फैसला आए 21 महीने हो चुके हैं, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने समेत कई मुद्दों पर निर्णय हुआ था।

उन्होंने कहा कि आंशिक रूप से कोई प्रगति नहीं हुई है, क्योंकि माननीय न्यायालय ने केंद्र पर भरोसा किया था जब उन्होंने अदालत के सामने यह बयान दिया था कि वे राज्य का दर्जा बहाल करेंगे।

# बीएसएफ के 16 जवान वीरता पदक से सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

**ऑपरेशन सिंदूर**

- जवानों ने विशिष्ट बहादुरी और अद्वितीय साहस का किया था प्रदर्शन

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विशिष्ट बहादुरी और अद्वितीय साहस का प्रदर्शन करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है।

अर्धसैनिक बल बीएसएफ देश के पश्चिमी हिस्से में भारत-पाकिस्तान सीमा की रक्षा करने का दायित्व निभा रहा है। बीएसएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर 16 बहादुर सीमा प्रहरियों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दृढ़ और अडिग रहने, उनकी विशिष्ट बहादुरी और अद्वितीय साहस के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया जा रहा है। उसने कहा कि पदक भारत की पहली रक्षा पंक्तिः सीमा सुरक्षा बल में व्यक्त राष्ट्र के विश्वास और भरोसे का प्रमाण हैं।

पदक विजेताओं में एक डिप्टी कमांडेंट रैंक के अधिकारी, दो सहायक कमांडेंट और एक इंस्पेक्टर शामिल हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात से 10 मई तक पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

# पूजा पाल सपा से निष्कासित



- विधानसभा में योगी सरकार का किया था समर्थन

**लखनऊ।** कौशांबी में चायल से विधायक पूजा पाल को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तत्काल प्रभाव से पार्टी से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई विधानसभा में पूजा पाल द्वारा विजन डाक्यूमेंट-2047 चर्चा के दौरान बयान देने के बाद हुई है।

उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री ने मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मिट्टी में मिलाने का काम किया। मैं उनके इस जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन करती हूं। निष्कासन के बाद पूजा पाल ने अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए कहा कि आप प्रयागराज की उन महिलाओं की बात नहीं सुन पाए, जो मुझसे भी ज्यादा परेशान थीं। मैं उनकी आवाज हूं।

## थोक महंगाई शून्य से 0.58% नीचे पहुंची


**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के बीच थोक मुद्रास्फीति (महंगाई) जुलाई में दो साल के निचले स्तर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत पर आ गई है। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

विशेषज्ञों ने हालांकि अनुमान लगाया है कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है क्योंकि आधार प्रभाव कम हो जाएगा और मौसमी मूल्य वृद्धि जारी रहेगी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीओई) आधारित मुद्रास्फीति जून में शून्य से नीचे 0.13% और जुलाई, 2024 में 2.10 % रही थी।

**बिहार एसआईआर** — सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

# हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण दे निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पंचायत व निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में प्रदर्शित होगी सूची
- मतदाता सूची में शामिल इन नामों को मसौदा सूची से हटा दिया था

उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को गुरुवार को निर्देश दिया कि वह बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण प्रकाशित करे और साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर कराने के 24 जून के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पीठ ने कहा कि 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में थे, लेकिन मसौदा सूची से हटा दिए गए थे। मसौदा सूची को एक अगस्त को प्रकाशित किया गया था। जिन लोगों की मृत्यु हो गई है, जो पलायन कर गए हैं या अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में चले गए हैं, उनके नामों की सूची पंचायत स्तर कार्यालय और जिला स्तरीय निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में कारणों समेत प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। पीठ ने टेलीविजन समाचार चैनलों और रेडियो के अलावा स्थानीय भाषाओं एवं अंग्रेजी दैनिकों समेत समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार करने पर जोर दिया, ताकि लोगों को उन स्थानों के बारे में जानकारी दी जा सके जहां सूची उपलब्ध होगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तारीख निर्धारित करते हुए आयोग से उसके निर्देश की अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने आयोग से उन दस्तावेजों की जानकारी देने को कहा, जिन पर बिहार में 2003 के गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान विचार किया गया था। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग बताए कि 2003 की प्रक्रिया में कौन से दस्तावेज लिये गए थे।

### हारने पर ईवीएम खराब जीतने पर ठीक

निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं, लेकिन निर्वाचन आयोग तीव्र राजनीतिक विद्वेष के माहौल में काम कर रहा है, जहां उसके ज्यादातर फैसलों को चुनौती दी जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के संघर्ष के बीच फंसा हुआ है जो हारने पर ईवीएम को खराब कहते हैं और जीतने पर ईवीएम को अच्छा बताते हैं।

स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

अब कैंसर का आधुनिक इलाज कानपुर में...

टाटा मेमोरियल से प्रशिक्षित पायनियर कैंसर विशेषज्ञ



डा. अरुण प्रकाश द्विवेदी

MBBS, MS, M.Ch (Onco Surgery)

द्वारा

कैंसर स्क्रीनिंग | कीमोथेरेपी | कैंसर सर्जरी

18000 से ऊपर कैंसर सर्जरी का अनुभव

(जिसमें मुख कैंसर की कमांडो सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक बच्चेदानी की सर्जरी, आधुनिक HIPEC सर्जरी, ब्रेस्ट कैंसर, गाल ब्लैडर कैंसर सहित समस्त कैंसर सर्जरी शामिल है)

Dwivedi Cancer Care

111/319, Ashok Nagar, 80 Ft. Road, (Nr. Petrol Pump), Kanpur (U.P.)

Call for Appointment : 9369603522, 7024160918



स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

10 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर

सारिम आई केयर हॉस्पिटल

बिना टाँका, बिना पट्टी फेको विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण



डॉ. काशिफ महताब

M.B.B.S., M.S. (EYE)

AMU Phaco, Glaucoma LASIK Surgeon

20000 से अधिक फेको मोतियाबिन्द आपरेशन का अनुभव

- PM आयुष्मान योजना CGHS की सुविधा उपलब्ध है
- CM पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस योजना
- TPA / Health insurance कैशलेस सुविधा उपलब्ध हैं

पता (1): 176ए/4 गंगा विहार, Swan Tower Apartment के सामने, गल्ला गोदाम चौराहे के पास, जाजमऊ, कानपुर

(समय- प्रातः 11 से 2.30 बजे तक)

पता (2): 105/37 ए, गुरुद्वारा के पास, प्रेम नगर, कानपुर

(समय- सायं 5 से 8 बजे)

मो:- 8687582145,9389721497,8931924420



भगवान भोलेनाथ की जय | श्री केदारनाथ धाम की जय | श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय | माता कामाख्या की जय


रोग मुक्त मानव | शोक मुक्त मानव | भय मुक्त मानव | भ्रम मुक्त मानव | नशा मुक्त मानव

पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर महादेव की ओर से आप सभी लोगों को

79 वें स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

आज हम भारत माता के चरणों में कृतज्ञता अर्पित करते हैं और उन अमर बलिदानियों को नमन करते हैं, जिनके त्याग और साहस से हमें यह स्वतंत्रता मिली।






पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर जी - तृतीय मठाधिपति, मिश्री मठ, हरिद्वार

देश सेवा के लिए, सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए - शंकर सेना से जुड़ें

सरसैया घाट, कानपुर में प्रत्येक रविवार सायं 7:00 बजे से | LIVE देखें सिर्फ आनंद पर | TATA PLAY CHANNEL NO. 1091 Jio TV

श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम, लव कुश आश्रम, ग्राम करौली, कानपुर (उ० प्र०) IVR + 91 80 90 100 343, www.poornaguru.org

# किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर कचहरी पर प्रदर्शन किया गया और ज्ञापन भी सौंपा गया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कामरेड मुकट सिंह के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई।

कचहरी में हुई सभा में का. मुकट सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकारें किसान विरोधी नीतियां अपना रही है। उन्होंने किसानों के साथ जो वादे किए थे वह पूरे नहीं किए। किसानों की आय दोगुना करने का वादा खोखला निकला। इसी तरह किसानों को बिजली, पानी भी नहीं मिल रहा है। बिजली विभाग का निजीकरण किया जा रहा है जिससे किसान और आम नागरिक परेशान होगा। उन्होंने कहा की टैरिफ के नाम पर जो 50 फीसदी टैक्स ट्रंप ने लगाया है भारत सरकार को इसका खुलकर जोरदार विरोध करना चाहिए।ताकि लोगों को समस्याएं न हों। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को खाद की किल्लत है और उनकी समस्या की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। सभा की अध्यक्षता नाथूराम यादव ने की।

किसान मोर्चा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य, विश्राम सिंह, रामबरन यादव, संतोष राजपूत, विश्राम सिंह यादव, प्रेम शंकर यादव, शौकीन सिंह, मोनू यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यह प्रदर्शन पार्टी कार्यालय से शुरू हुआ और कचहरी तक पहुंचा।

## विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ

**इटावा।** अवर अभियंता बिजली इन्द्रजीत पण्डित ने विजिलेंस टीम के साथ नगर के कई इलाकों में मॉर्निंग रेड डाली। इस दौरान 18 लोगों को लाइन बाईपास कर और बिना बिजली कनेक्शन के चोरी करते पकड़ा गया, सभी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। इस दौरान लगभग 4 लाख रुपए से ज्यादा की वसूली की गई।

# दरोगा पर लगाया धमकाने का आरोप

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के मोहरी गांव निवासी सब्जी व्यापारी योगेंद्र ने ऊसराहार थाने में तैनात एक दरोगा और चार सिपाही पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

पीड़ित का कहना है कि 8 अगस्त की रात करीब 9 बजे वह उमरैन से सब्जी की वसूली करके घर लौट रहा था तभी झुसी के पीपल के पास कार सवार बदमाशों ने उसे रोककर 25 हजार लूट कर लिये।योगेंद्र के अनुसार, घटना के बाद वह सीधे ऊसराहार थाने पहुंचा और अपने पिता का इंतजार करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद दरोगा ने खड़े होने का कारण पूछा। जब योगेंद्र ने लूट की पूरी घटना बताई तो पुलिस उसे मौके पर ले गई। पीड़ित का आरोप है कि वहां दरोगा ने उसके साथ मारपीट की और सख्त हिदायत दी कि घटना किसी को न बताए। आरोप है कि दरोगा ने उसे एनकाउंटर की भी धमकी दी और मामले को वहीं खत्म करने का दबाव बनाया। पीड़ित ने सीएम को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उसने एसएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव से भी शिकायत की है। एसएसपी ने जांच कराने की बात कही है।




## बधाई संदेश



आजादी का पर्व बड़े गर्व और सम्मान के साथ हर वर्ष मनाया जाता है यह दिन हमारे देश के उन वीर सपूतों की याद दिलाता है जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।

–डॉ ब्रजेश चंद्र यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख



तिरंगे की शान और देश का सम्मान यही है हर भारतीय की पहचान, स्वतंत्रता दिवस सिर्फ त्यौहार नहीं यह हमारे संघर्ष और बलिदान की कहानी है जय हिंद जय भारत।

सत्यनारायण संखवार,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जसवंतनगर



मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी है हम,वतन है हिन्दोस्ता हमारा स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

एड .भुजवीर सिंह यादव,सदस्य जिला पंचायत इटावा



ना जियो धर्म के नाम पर,ना मरों धर्म के नाम पर,इंसानियत ही है धर्म वतन का,बस जियो वतन के नाम। स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

अनिल प्रताप सिंह, प्रभारी सपा कन्नौज



देश भक्तों के बलिदान से स्वतंत्र हुए हैं हम,कोई पूछे कौन हो तुम तो गर्व से कहेंगे भारतीय हैं हम। वंदे मातरम

आशुतोष यादव,प्रबंधक एसपीएस ग्रुप



तिरंगा देश की शान है हर भारतीय का स्वाभिमान है यही है गंगा यही है हिमालय यही हिंद की जान है तीनों रंगों में रंगा हुआ यह अपना हिंदुस्तान है। सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

–अनुज मोंटी यादव,विधायक प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख



तिरंगा ही आन है तिरंगा ही शान है और तिरंगा ही हम हिंदुस्तानियों की पहचान है स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू,विधायक प्रतिनिधि



स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि आजादी अनमोल है इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है 15 अगस्त की ढेरों शुभकामनाएं!आईए मिलकर भारत को और बेहतर बनाने का प्रण लें।

–राजेंद्र प्रसाद यादव,सेवानिवृत्ति राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व प्रधानाचार्य



गंगा, यमुना, यहां नर्मदा, मंदिर, मस्जिद के संग गिरजा,शांति–प्रेम की देता शिक्षा,मेरा भारत सदा सर्वदा! स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ . भुवनेश चंद्र यादव,समाजसेवी



गूंज रहा दुनिया में जय हिंद का नारा चमक रहा आसमान में तिरंगा हमारा।स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

–राहुल गुप्ता,नगर अध्यक्ष सपा



ना सरकार मेरी है,ना रौब मेरा है,ना ही बड़ा सा नाम मेरा है।मुझे बस एक छोटी सी बात का अभिमान है,मैं हिंदुस्तान का हूं और हिंदुस्तान मेरा है। जय हिंद जय भारत

ठा .अजेंद्र सिंह गौर,विधायक प्रतिनिधि



ना सर झुका है कभी और ना झुकाएंगे कभी,जो अपने दम पे जिए, सच में जिंदगी है वही।स्वतंत्रता दिवस की बधाई।

–जितेंद्र यादव मोना,जिला सचिव सपा इटावा









# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद इटावा


## लिटिल शैफ रेस्टोरेंट एण्ड कैफे
## वी.एस. रिसोर्ट



आगरा–कानपुर हाईवे
नकट आईटीआई चौराहा
इटावा
की ओर से जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बृजेन्द्र यादव – अध्यक्ष
अभिजीत यादव – महामंत्री

## अधिवक्ता सभा



समाजवादी पार्टी
इटावा
देश को स्वतंत्र कराने में जिन अमर शहीदों ने बलिदान दिया उनको सादर नमन।
देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को बधाई।



अभिनय यादव – अध्यक्ष
भुवनेश यादव – महामंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Bright the Career of Your Children with higher Excellency ...
Since - 1991
मेरी माटी मेरा देश

## SAINIK MEMORIAL PUBLIC SCHOOL

PLAY GROUP to IX
Hi-Tech English Medium School With Smart Classes
CBSE Pattern



Follow Us On

Satya Singh – Principal
A.S. Bhadauria – Manager

Opp. 28th B.N. P.A.C. Gate No. 1, Mainpuri Road, Etawah
Contact Us : 8532823592, 9411941011
E-mail : smpsetawah@gmail.com, Website : www.smpsetawah.in

Under the aegis of st. mary's welfare society (UK)

## G.G.Convent School

(An English Medium Co- Educational School)
Mulayam Nagar Babba Road Shakuntala Nagar , New Mandi , Etawah



दैनिक एवं आवासीय

Motto : The Movement from darkness to Light
Education With Smart Class
Class : P.G. to 8th



Admissions OPEN
LIMITED SEATS
Website : www.ggconvent.com
E-Mail : ggconventschool@gmail.com
Contact No. 9456003882



Vice Principal Shalini Francis
Principal : Mr. R. Francis
Mob. 8057839240
Mob. 8384872949

## ज्ञान चन्द्र इंटर कालेज

इकदिल-इटावा
की तरफ से जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कमलेश कुमार पांडेय
प्रधानाचार्य, इंटर विंग
राज किशोर
प्रधानाचार्य, हाईस्कूल विंग



प्रेम शंकर शर्मा एडवोकेट
प्रबंधक



## प्रशांत राव चौबे

जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी, इटावा
की ओर से समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

School No. 71712
Affiliation No. 2133546

## RISING SUN INTERNATIONAL SCHOOL

Co-Educational C.B.S.E. English Medium Senior Secondary School

SPECIAL FEATURES :
- Smart Classrooms.
- CCTV Secured Campus.
- R.O. Water Facility.
- Library with rich collection of books.
- Highly qualified and dedicated staff.
- International sports curriculum.
- Separate park for small kids.
- Well equipped labs.
- Transport Facility.









J.S. BHADOURIA – Principal
Er. Manvendra Singh – C.E.O. (RSGS Group)



Campus : NH 19, Sarai Narottam, Bakewar, Etawah
Mobile : 8534944374, 9412344175

## कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा
## K.K. COLLEGE, ETAWAH

की ओर से
समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्येन्द्र कुमार वर्मा – अध्यक्ष प्रबंध समिति
ओमकार नाथ वर्मा – मंत्री प्रबंध समिति
प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह – प्राचार्य
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य

# 37 बच्चों को मिला दिव्यांगता प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचारः** जिला चिकित्सालय पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र सिंह के द्वारा गठित मेडीकल बोर्ड टीम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बलराज, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव द्विवेदी, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. चौधरी एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विष्णु मलोहत्रा, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता यादव और व सुनील कुमार पटल सहायक द्वारा कुल 44 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते हुए कुल 37 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किये। 7 बच्चों को जांच के लिए सैफई के लिए रेफर किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष डॉ. पारितोष शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डॉ. अनिल के साथ कैम्प में उपस्थित दिव्यांग बच्चों को अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांग प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया कि अभिभावक इस दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रयोग आप सभी लोग अपने बच्चों के साथ कही भी आने-जाने में सरकारी बसों तथा रेलवे रियायत प्रमाण पत्र बनवाकर रेलवे आदि की यात्रा में कर सकते है, साथ ही इस दिव्यांगता प्रमाण पत्र के महत्व तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली अनेक प्रकार की सुविधाओं से अवगत कराया। कैम्प को सफल बनाने में समेकित शिक्षा की जिला समन्वयक अर्चना सिन्हा के साथ समस्त स्पेशल एजुकेटर्स का सराहनीय योगदान रहा।

## केके कालेज में बढ़ाई गई प्रवेश की तिथि

**इटावा।** केके कालेज में स्नातक एवं परास्नातक में प्रवेश की अंतिम तिथि 7 अगस्त थी,जिसे अब विवि ने बढ़ाकर प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अगस्त कर दी है। उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बीएससी.,बीए.,बी.कॉम,एमए.,एम. कॉम.,एम. एस-सी.,पीजीडीसीए. के प्रवेश जारी हैं।

# विभाजन विभीषिका पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस, की गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचारः** विभाजन विभीषिका के स्मृति दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से मौन जुलूस निकाला गया और गोष्ठी भी की गई। यह मौन जुलूस नुमाइश परिसर स्थित शहीद स्तंभ पर पहुंचा जहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा भारत के इतिहास में आज का दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसके कारण बहुत लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी थी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य व प्रेमदास कठेरिया, गणेश राजपूत, जि प्रशांत राव चौबे, अजय धाकरे आदि रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद इटावा


### संदेश



15 अगस्त हमें याद दिलाता है कि एकजुट होकर हम किसी भी कठिनाई को जीत सकते हैं। देश के लिए जीयो, क्योंकि देश ही हमारी असली पहचान है। स्वतंत्रता का अर्थ है अपने देश की उन्नति में योगदान देना हर भारतीय का सपना होना चाहिए कि एक मजबूत भारत बनाना। आओ मिलकर तिरंगे को सलाम करें जो हमारे देश की शान है।

**सतीश यादव**
प्रबंधक, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, इटावा

### संदेश



स्वतंत्रता दिवस के रूप में पहली बार संपूर्ण भारत के साथ राष्ट्रीय तिरंगे को मार्ग राष्ट्र रक्षा के लिए अमर शहीदों की स्मरण और नमन करते हुए उन्हें अपने स्मृतियों में संजोकर स्वयं राष्ट्र को गौरवशाली बनने के लिए संकल्पित करें। आओ आज मिलकर उस तिरंगे को सलाम करें जो हमारे देश की शान है।

**सुनील शर्मा**
प्रबंध निदेशक होटल क्लार्क इन, इटावा

### संदेश



देश की आजादी में ही सभी की आजादी और अधिकार निहित है इस लिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपने देश की स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए राष्ट्रहित में कार्य करें। जब हम अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करेंगे तभी हमारा राष्ट्र विकसित होकर सुदृढ़ बनेगा और हमारी स्वतंत्रता अक्षुण्य रहेगी।

**गुफरान अहमद**
प्रधानाचार्य, इस्लामिया इंटर कालेज, इटावा

### संदेश



स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा फहराया अमर शहीदों को याद करके अपने कर्तव्यों के उन सपनों कोपूरा करने की कसम खानी चाहिए 'जिसमें उन्होंने एक सशक्त भारत के निर्माण का सपना देखा था जिसे पूरा करने के लिए युवकों को आगे आना होगा। मैं आग्रह करना चाहूंगा कि जो जिस स्थान पर हो वहां जिम्मेदारी निभाएं।

**अनवार उर्फ भोलू**
सनी रोड लाइन्स, पिलखर–इकदिल

### संदेश



स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा फहराया अमर शहीदों को याद करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं करनी चाहिए बल्कि अमर शहीदों के उन सपनों को पूरा करने की कसम खानी चाहिए जिसमें उन्होंने एक सशक्त भारत के निर्माण का सपनादेखााा जिसे पूरा कने के लिए युवकों को आगे आना होगा। राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान के लिए आवश्यक है कि सभी वर्गों एक डोर से बंधकर रहें।

**सुरेन्द्र तिवारी**
गीतांजलि बिल्डिंग मैटेरियल, मनियामऊ


नगर पंचायत इकदिल
की ओर से समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं

- खुले में शौच न करें। घर में आवश्यक रूप से शौचालय बनवाएं।
- कटे सड़े फलों एवं दूषित खाद्य/पेय पदार्थों का उपयोग न करें।
- निकाय के करों (जल मूल्य, गृहकर आदि) के करों का भुगतान समय-समय पर करते रहें।
- पालीथीन का प्रयोग न करें।
- नलों को खुला छोड़कर पानी बेकार न करें। जल अमूल्य है।
- छह वर्ष से अधिक के बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश अवश्य कराएं।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
- सार्वजनिक स्थलों/नाली/सड़कों आदि पर अतिक्रमण न करें।
- सभी करों का भुगतान कर नगर पंचायत का आर्थिक सहयोग करें।
- मार्ग प्रकाश उपकरणों से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।
- नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग करें।


साधना दोहरे
अध्यक्ष
नगर पंचायत इकदिल


श्याम बचन सरोज
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल


शुभ्रांत कुमार शुक्ल
जिलाधिकारी, इटावा



आपके नगर इकदिल में
आदर्श प्राथमिक विद्यालय
इंडियन एकेडमी
विद्यालय की विशेषताएँ
- उत्तम शिक्षा एवं अनुशासन।
- अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य।
- बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- अनिवार्य कम्प्यूटर शिक्षा एवं पुस्तकालय की व्यवस्था
- शिक्षा की नई तकनीक द्वारा शिक्षण कार्य की व्यवस्था।
- नवोदय व सैनिक विद्यालय में प्रवेश हेतु तैयारी कराने की व्यवस्था
- कमजोर बच्चों के लिये एक्स्ट्रा क्लास की व्यवस्था।
- पेय जल की समुचित व्यवस्था।



प्रवेश प्रारम्भ
न्यू एडमीशन पर ड्रेस फ्री
माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी



प्रधानाचार्य: डा. सुशील "सम्राट" मोबा. 9412185887
संस्थापक एवं प्रबन्धक: राम अवतार तिवारी मोबा. 9719572263
डायरेक्टर: श्रीमती रिचा तिवारी मोबा. 8445018765
Web Site: www.indianacademyekdil.com
Email: apvekdil@gmail.com
मु. कायस्थान, इकदिल, इटावा




डा. विकास सचान
प्रभारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
बसरेहर–इटावा



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
स्थापित वर्ष – 2005
आर.आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
ऋषि भूमि, पृथ्वीपुर (इटावा)
सम्बद्ध– A2F& 12(B) U.G.C. New Delhi, N.C.T.E. Delhi
S.C.E.R.T. Lucknow, B.C.I. new Delhi, N.C.V.T. New Delhi
C.S.J.M.U. Kanpur, Board of Secondary Education Allahabad (U.P.)
संचालित पाठ्यक्रम
बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम, बी.एससी. (आई.टी.)
बी.एससी (सी.एस.), एम.ए.(शिक्षा एवं समाज शास्त्र),
एम.एससी. (भौतिक विज्ञान/जन्तु विज्ञान)
डी.एल.एड. (2 वर्षीय), एल.एल.बी. (3 वर्षीय), बी.एड. (2 वर्षीय)
आई.टी.आई. (इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर) (2 वर्षीय)
Class 6 to 12th (Science Stream)


डॉ. अजय मिश्रा
निदेशक
मो. 9411939386, 9756623163

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी को नोटिस

**औरैया।** भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी को जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में पार्टी के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ आगामी 21अगस्त तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ लखनऊ को उपलब्ध कराएं। सुनवाई हेतु नियत तिथि 2 एवं 3 सितम्बर को कार्यालय अवधि में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उनके कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं। यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनीतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से संस्तुति प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया। रैली में छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### छेड़छाड़ करने वाले युवक को पीटा

**जसवंतनगर।** कोचिंग से लौट रही एक किशोरी से कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहे युवक को पीड़िता के भाई और मां ने छेड़छाड़ के साथ भद्दे कमेंट करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। मामला कस्बा क्षेत्र में रामलीला तिराहे का है, जहां किशोरी के परिजनों ने आरोपी को सरेराह पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर एक सैकड़ा से अधिक महिला-पुरुषों की भीड़ जुट गई। जो भी आता, आरोपी पर हाथ साफ करता। इसी बीच गश्त कर रही पुलिस टीम वहां पहुंची और किसी तरह भीड़ से आरोपी को बचाकर अपने कब्जे में लिया।

# मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

संवाददाता, बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था अमेरिकन किडज विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण व श्री राधा रानी का भेष धारण किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य भाविका सिंह सेंगर ने कहा श्री कृष्ण जन्माष्ट्मी हमे अधर्म पर धर्म की विजय की सीख देती है। इस अवसर पर गायन व नृत्य कला का प्रदर्शन कर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भाविका सिंह ने बच्चों को श्री कृष्ण के जन्म की अदभुद कथा के बारे मे बताया। बच्चों को मिष्ठान वितरित हुआ। मटकी फोड़ का रोमांचक कार्यक्रम हुआ। शिक्षिका प्रतिज्ञा यादव, अनामिका श्रीवास्तव, अस्था शर्मा, चित्रांशी आदि मौजूद रहीं।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में दो युवकों के शव पड़े मिले

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर वालों की डांट से नाराज होकर निकले चचेरे मामा-भांजे देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों युवकों की गुमशुदगी दर्ज कर दोनों के मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिए। पुलिस व परिजन दोपहर को खेतों पर तलाश करते हुए पहुंचे तो दोनों के शव ट्यूबवेल की कोठरी के बरामदे में मिले।

थाना क्षेत्र के गांव पसईपुर केशमपुर निवासी 24 वर्षीय अवनीश कुमार पुत्र राम बाबू बाहर रह कर प्राइवेट जॉब करता था। विगत दो माह पूर्व उसकी तबीयत खराब हो गई थी जिसके चलते वह वापस गांव आ गया था। पिता के साथ खेती किसानी का काम करने लगा था। बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर पिता राम बाबू ने उसको डांट दिया। जिसके बाद में वह पड़ोस में रहने वाले चचेरे मामा 18 वर्षीय प्रिन्स पुत्र श्रीप्रकाश जो इंटर की पढ़ाई कर रहा था। उसको साथ में लेकर दोनों मामा भांजे खेतों पर निकल गये। गांव से ही उन्होंने एक दुकान से स्टिंग कोल्ड्रिंक की एक बोतल व फसल में डालने वाली कीटनाशक दवा ली थी। आशंका है कि गांव निवासी छोटे लाल कुशवाह के खेतों पर बने ट्यूबवेल के कमरा के बरामदे में कोल्ड्रिंक में मिलाकर दोनों ने पी लिया। इससे दोनों लोगों की मौत हो गई। देर रात तक जब घर वापस नहीं आने पर परिजनों को चिन्ता हुई तो परिजनों ने फोन किया तो तो फोन रिसीव नहीं होने पर परिजन देर रात थाने में आये जहां पुलिस को घटना बताई। पुलिस ने दोनों युवकों की गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल नम्बर सर्विलांस पर लगाए। दोनों की लोकेशन खेतों पर मिली। परिजनों को जब बताया पुलिस और परिजन खोजने में लग गये। गुरुवार की दोपहर को दोनों के शव ट्यूबवेल के कमरे के बहार बने बरामदे में पड़े देखे शव के पास में एक स्टिंग कोल्डड्रिंक की बोतल तथा कीटनाशक दवा पड़ी थी तथा फोन दोनों के जेब मे पड़े हुए थे जिसमे घण्टी बज रही थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को सूचना दी सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आसपास से साक्ष्य एकत्रित करने के वाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक 24 वर्षीय अवनीश कुमार दो भाई आकाश व मृतक अवनीश तथा दो बहनें रजनी व करिश्मा है। तथा मृतक 18 वर्षीय प्रिंस तीन भाई गोलू, राहुल, मृतक प्रिंस एवम एक बहन प्रिंसी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि दोनों युवकों ने क्या खाया है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चलेगा। किस कारण से खाया है यह जांच के वाद ही पता लगेगा।

ग्रामीणों में चर्चा थी कि दोनों मामा भांजे का प्रेम प्रसंग दो युवतियों से चल रहा था, जिससे दोनों के स्वजन नाराज थे, दोनों युवतियां सजातीय नहीं थी। जिसकी वजह से दोनों के स्वजनों ने बुधवार को डाटा था।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# स्वतंत्रता दिवस आज, घर-घर बांटे गए झंडे

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जज्बे के साथ शहर, कस्बों और गांवों में निकाली गईं तिरंगा यात्राएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसकी पूर्व संध्या पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जहां एक ओर नगर पालिका की ओर से शहर भर में तिरंगा बांटे गए। वहीं विकास खंड स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी देर रात तक चलती रही। आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगह-जगह तिरंगा फहराने के साथ महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

शहर में नगर पालिका परिषद की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए तिरंगा झंडा बांटे गए। इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष अनूप गुप्ता के अलावा समाजसेवी अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे। वहीं स्वयंसेवी संस्था विचित्र पहल की ओर से मोहल्ला सत्तेश्वर, बनारसीदास, इटावा रोड, सुभाष चौक, आवास विकास कॉलोनी, दिबियापुर रोड, बताशा मंडी, महावीरगंज, नरायनपुर व रूहाई आदि मोहल्लों व सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 980 निःशुल्क झंडों का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने कहा कि समूचा देश आजादी के रंग में सराबोर हैं। चारों ओर पूरे जोश व उमंग के साथ भारत माता की जय व वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हर गांव गली में तिरंगा यात्राओं की धूम मची हुई हैं। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्था के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरगोविंद तिवारी अध्यक्ष फूलगंज सामाजिक एवं संस्कृति समिति, रामआसरे गुप्ता, समाजसेवी एलएनगुप्ता, अनूप बिश्नोई सभासद विवेक कुमार, जय नारायण सिंह, सतीश पोरवाल, हिमांशु दुबे मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल, अभिषेक गुप्ता, डीपीएम शिरीष मिश्रा का योगदान रहा।


शहर में दुकानदारों को तिरंगा बांटते समाजसेवी अभिषेक गुप्ता। अमृत विचार



तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### सरकारी कार्यालयों में लगवाई गईं लाइटें

**औरैया।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी कार्यालय में प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट भी लगवाई गई है। शहर व जनपद में स्थित सरकारी कार्यालयों पर झालर लगवाई गई है तो वहीं शहर के प्रमुख चौराहों व तिराहों के अलावा प्रमुख मार्गों पर नगर पालिका परिषद की ओर से तिरंगा झंडा भी लगवाए गए हैं।

### छात्र हित संगठन की ओर से निकाली जाएगी यात्रा

**औरैया।** हर साल की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा शहर के कानपुर रोड से शुरू होकर प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करेगी और उसके उपरांत अपने नियत स्थान पर आकर समाप्त हो जाएगी। यह तिरंगा यात्रा छात्र हित संगठन की ओर से पिछले कई वर्षों से निकाली जा रही है। इस बार भी धूमधाम से यह तिरंगा यात्रा शहर में निकलेगी।

### तिरंगा यात्रा निकाल लगाए नारे

**बिधूना (औरैया)।** रैपिड ग्लोबल स्कूल में गुरुवार को छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं के समक्ष 79वां स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा उत्सव का आयोजन बड़े धूम-धाम से किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एक्जू डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, एजु डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर तथा प्रधानाचार्य प्रशान्त दीक्षित ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए सभी को अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने बिधूना की गलियों में तिरंगा हमारी शान, देश की पहचान, हर घर तिरंगा, भारत माता की जय, वंदे मातरम् जय जवान जय किसान जैसे नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने विचार व्यक्त किए।

# स्मृति दिवस चित्र-प्रदर्शनी का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सरकार के मंशानुसार जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सदर तहसील में आज ही के दिन हुए देश के बंटवारे की स्मृति में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस के द्वारा अवलोकन किया। इसके बाद विभाजन विभीषिका के दौरान अपने प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। सत्यपाल सिंह ने विभाजन की त्रासदियों के दुष्परिणामों के कारण बताए। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री कौशल राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमें इस चीज से सीख लेनी चाहिए कि आपसी फूट और वैमनस्य सदैव विघटनकारी होती है और अब हमें उसी से सीख लेकर एकजुट रहना है। हम सबको जाति, मजहब जैसे चीजों से परे रहना चाहिए।


चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी व जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

# बेसिक शिक्षा मंत्री का नाम नहीं बता पाए सहायक अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- शैक्षिक गुणवत्ता सही न मिलने पर चार विद्यालयों के शिक्षकों को नोटिस जारी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने महेवा विकासखंड के चार विद्यालयों का निरीक्षण किया। किसी भी विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। इसके साथ ही कहीं साफ सफाई की व्यवस्था नहीं थी तो कहीं मिड-डे मील भी मानक के अनुरूप नहीं बना था। इसके चलते इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व अध्यापकों को नोटिस दिया गया है। वहीं एक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक से जब प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री का नाम पूछा गया तो वह मंत्री का नाम नहीं बता पाए।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय लबेदी प्रथम का निरीक्षण किया तो विद्यालय में 28 बच्चों में से 12 बच्चे उपस्थित थे। मिड डे मील में तहरी बनाई गई थी जो मानक के अनुरूप नहीं थी। इस पर सभी अध्यापकों को नोटिस जारी किया गया। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय लवेदी द्वितीय का निरीक्षण किया तो वहां शिक्षामित्र मीना कुमारी लगभग 2 साल से अनुपस्थित चल रही हैं, जबकि शिक्षक विजय लक्ष्मी निरीक्षण के दिन बिना किसी सूचना की विद्यालय से अनुपस्थित थीं। वहीं विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार से बेसिक शिक्षा मंत्री का नाम पूछा गया तो वे नाम नहीं बता पाये। विद्यालय में तहरी बनी थी इसमें किसी सब्जी का प्रयोग नहीं किया गया था। प्रधानाध्यापक को मिड डे मील गुणवत्ता तथा सहायक अध्यापकों को शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में नोटिस जारी किया गया। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय इगुर्री का निरीक्षण किया तो यहां सहायक अध्यापक अनिल कुमार अवकाश पर चल रहे थे। मिड -डे मील मानक के आधार पर नहीं बना था तथा शैक्षिक गुणवत्ता भी सही नहीं थी। इसके लिए सभी शिक्षकों को नोटिस दिया गया।

# विभाजन की विभीषिका सहने वालों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- डीएम ने तरनपाल सिंह के परिजनों को किया सम्मानित

**अमृत विचार।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सनातन धर्म इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में मनाया गया। जिलाधिकारी ने तरनपाल सिंह कालरा के परिजनों को प्रतीक चिह्न एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं स्मृति दिवस के अवसर पर दो मिनट का मौन रखा गया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सनातन धर्म इंटर कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने बताया कि इस दिवस पर 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों और कष्टों को याद किया जाता है एवं इस दिन राष्ट्र उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जिन्होंने 1947 में विभाजन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी और अकल्पनीय पीड़ा झेली, ऐसे पूर्वजों को हमें हमेशा नमन करना चहिए। साथ ही कहा कि यह उनके साहस का सम्मान करने का दिन है, अकल्पनीय क्षति का सामना करने और फिर भी नए सिरे से शुरुआत करने की ताकत पाने की उनकी क्षमता का सम्मान करने का दिन है। उक्त अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मनोज कुमार, कार्यक्रम संचालक कुलदीप कुमार, एनसीसी प्रभारी प्रियांक मिश्र, प्रधानाध्यापक सहित एनसीसी के विद्यार्थी रहे।


विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम व अन्य। अमृत विचार

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगी प्रदर्शनी

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष फोटो गैलरी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन डॉ अनिल पटेल निदेशक लायन सफारी इटावा, जिला पर्यटन अधिकारी मोहित कुमार एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने किया। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को विभाजन के ऐतिहासिक संदर्भ, उससे जुड़ी कठिनाइयों एवं प्रभावित लोगों के कष्टों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि विभाजन के समय भारत और पाकिस्तान, दोनों ओर के लोगों ने अपने घर, परिवार और जीवन की सुरक्षा के लिए कितने कठिन संघर्ष किए। विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस विषय पर जानकारी प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वतंत्रता दिवस

## शिक्षकों ने बीईओ के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

# तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जोश और जुनून

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार :** हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र में एक बाइक रैली का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार के नेतृत्व में किया गया।

रैली में जसवन्तनगर विकास खण्ड के शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र, अनुदेशकों, अनुचर, अभिभावकों आदि ने सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली में हिस्सा लिया। रैली शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए गगनभेदी नारों जैसे भारत माता जी जय, वन्दे मातरम, आदि के साथ नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश जादौन, अमरपाल यादव विनोद यादव मधुर श्रीवास्तव, अमरेश बाबू धर्मवीर यादव चन्द्रजीत सिंह अतुल यादव, नितिन यादव अश्वनी श्रीवास्तव, आशीष शाक्य विपिन यादव मुकेश यादव, सन्तोष शर्मा विवेक गुप्ता मोहम्मद जफर खालिद हुसैन, इशरत, नीरज यादव ऋद्या यादव अनिल चौधरी राजवीर सिंह चन्द्र प्रकाश हंसराज सुबोध विमलेश आदर्श पांडेय नकुल राजकुमार आदि सम्मिलित हुए।


शिक्षकों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा। अमृत विचार



तिरंगा रैली निकालते शिक्षक व छात्र। अमृत विचार

### बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर किया पौधरोपण

**इटावा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान मे तिरंगा यात्रा एवं पौधरोपण का आयोजन लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ पर किया गया। डायरेक्टर मंजेश कुशवाहा ने बताया कि हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना है। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी को पौधरोपण करना चाहिये। डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताया कि यह अभियान देशभक्ति की भावना को प्रबल करता है और राष्ट्रध्वज के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। कार्यक्रम में जेआरएफ डॉ. संगीता, सुरेश कुमार, इम्तेश राव, इमरान, रविंद्र कुमार, गणेश रहे।

# बिजली चोरी में एक वर्ष की सज़ा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश आवश्यक वस्तु अधिनियम अंकुर शर्मा ने बिजली चोरी के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी राजेश पुत्र राम लडैती निवासी महावीर नगर भरथना को दोषी पाया और उसे एक साल की तथा सजा दस हजार रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनाई गई।

26फरवरी 2017 समय 12बजे दोपहर को पूर्व में काटे गए संयोजनों को चेक किया गया तो अभियुक्त राजेश द्वारा वकाया 50,476 बकाया जमा न करके अपने कटे हुए कनेक्शन को एल टी लाइन से जोड़ कर अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पाया गया जिसमें उसके विरुद्ध थाना भरथना में मामला दर्ज कराया गया था जिसका वाद का विचारण न्यायालय में चल रहा था। बिजली विभाग के अधिवक्ता जुबैर तैमूरी द्वारा पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे एक वर्ष की सज़ा और दस हजार रुपये के दण्ड से दण्डित किया।

# राशन डीलर के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- राशन डीलर पर 48 क्विंटल गेहूं और 133 क्विंटल चावल की कालाबाजारी की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पुरैला के राशन डीलर राजीव कुमार के खिलाफ भारी मात्रा में सरकारी राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। पूर्ति निरीक्षक ताखा मोहम्मद याकूब हसन की तहरीर पर ऊसराहार थाना पुलिस ने डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

पूर्ति निरीक्षक के अनुसार शिकायत और जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कोटेदार ने सरकारी कोटे से मिलने वाले खाद्यान्न का वितरण पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय कार्डधारकों को नियम के अनुसार न करके अवैध रूप से बेच दिया। जांच में पाया गया कि राजीव कुमार ने लगभग 48 क्विंटल गेहूं और 133 क्विंटल चावल की कालाबाजारी की है। मामला गंभीर होने पर पूर्ति निरीक्षक मोहम्मद याकूब हसन ने पूरी रिपोर्ट तैयार कर ऊसराहार थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी डीलर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। ग्रामीण शिवसिंह, हरिचंद, चंद्रशेखर, पप्पू, ने बताया कि उन्हें कई महीनों से राशन नहीं मिला जिसकी उन्होंने शिकायत भी की उसके बाद में दोषी मिले आरोपी राशन डीलर पर कार्यवाही की गई। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुरैला राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।



swadha
स्वतन्त्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें
जसवन्तनगर परिशिष्ट
मधुसूदन यादव
संवाददाता - 9259489259




CSSGI
CH SUGHAR SINGH GROUP OF INSTITUTIONS
JASWANT NAGAR, ETAWAH
Swadha Hospital
A Multi Speciality & Research Centre
Ch Sughar Singh Educational Academy
An Autonomous College (NAAC Accredited)
Ch. Sughar Singh Nursing And Paramedical College
Ch. Sughar Singh Pharmacy College
Ch. Sughar Singh Inter College
Ch. Sughar Singh Public School
Ch. Sughar Singh World School
15 AUGUST
Dr. Brajesh Chandra Yadav
Chairman CSSGI
Dr Bhuvnesh Chandra Yadav
Vice Chairman CSSGI
Anuj Monty Yadav
Secretary/ Director CSSGI
JASWANT NAGAR (ETAWAH) U.P. 206245
9410077280 | 9917777308
www.cssgi.com
Follow us on:
info@cssgi.com




SHIVPAL SINGH PG COLLEGE
NH2 Kaist-Jaswantnagar, Etawah | Mob. 7500720914 Website: www.spsdc.net
SPS GLOBAL SCHOOL
आज़ादी के 79 वीं वर्षगांठ पर
स्वतंत्रता दिवस
FOUNDER
LATE SHRI MAHAVEER SINGH YADAV
एम एस रिसॉर्ट
जीएस एमएस कोल्ड स्टोरेज
शिव बालाजी कोल्ड स्टोरेज
यादव सीड्स फार्म
शिव बालाजी धर्मकाँटा
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Ashutosh Yadav
Manager
Mr. Vishwanath Pratap Singh
DIRECTOR




U.P. TOPPERS देने वाला एक मात्र संस्थान
College Code- 1279
Reg. No. 1363/2014/15
MAA NARAYANI INTER COLLEGE
KNOWLEDGE IS POWER
MAA NARAYANI
INTER COLLEGE SCIENCE & ART
Affiliated to UP Board, Allahabad, Aff. No. 2838
Maa Narayani Public School
English Medium CBSE Pattern
माँ नारायणी इण्टर कॉलेज
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
Manager
Bhujveer Singh Yadav
(Advocate)
District Board Member
Director
Mohit Yadav
(Sunny)
Kachaura Road, Jaswant Nagar (Etawah)
Help Line No. 9690176238, 8410323470
mnicjaswantnagar@gmail.com




ऊर्जावान भारत की ओर अग्रसर
A Symbol of Accuracy
इंडियनऑयल
IndianOil
ब्रजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
डुड्हा, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
ब्रजेश भुवनेश फिलिंग स्टेशन
जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश फिलिंग स्टेशन
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश किसान सेवा केन्द्र सी.एन.जी.पम्प
कचौरा बाईपास रोड, जसवंतनगर (इटावा)
आरती भुवनेश सी. एन. जी. स्टेशन
फुलरई, जसवंत नगर (इटावा)
संतोष भुवनेश धर्मकांटा
कैस्त, एन.एच. 19, जसवंत नगर (इटावा)
15
HAPPY Independence DAY
डॉ. ब्रजेश चन्द्र यादव
डॉ. भुवनेश चन्द्र यादव
अनुज मोन्टी यादव



जिस क्षण कोई गुलाम यह निश्चय कर लेता है कि वह अब गुलाम नहीं रहेगा, उसकी बेड़ियां टूट जाती हैं। आज़ादी और गुलामी मानसिक अवस्थाएं हैं।
–महात्मा गांधी, राष्ट्रपिता

## कीर्तिमानी चर्चा की बधाई

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा ने 24 घंटे लगातार चर्चा करके विधायिका के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। सभी शामिल सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं। उल्लेखनीय है, यह चर्चा राजनीतिक विवाद या संकट पर नहीं, बल्कि राज्य के लिए सर्वाधिक आवश्यक विषय- विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर हुई। इसके अलावा निजी विश्वविद्यालय प्रथम एवं द्वितीय संशोधन विधेयक, निरसन विधेयक, लोक अभिलेख, मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक तथा माल और सेवा कर संशोधन विधेयक जैसे छह विधेयकों को भी विधान परिषद के पटल पर रखा गया। बांके बिहारी मंदिर न्यास मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कुल मिलाकर, चौबीस घंटे की यह चर्चा विशद, व्यापक और सफल रही। मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने विजन डॉक्युमेंट के जवाब में रीजन डॉक्युमेंट पेश कर 47 सवालों के माध्यम से सरकार से विगत वादों के अधूरे रहने की वजह पूछी। कई अन्य मसलों पर विपक्ष ने विरोध की आवाज बुलंद की, पर कुल मिलाकर उसने रचनात्मक विरोध की अपनी उचित भूमिका का निर्वहन किया और इसके एवज में विधानसभा अध्यक्ष से प्रशंसा प्राप्त की। विजन डॉक्युमेंट 2047 के तहत यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सरकार किस प्रकार का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपना रही है। प्रदेश की जनता इस संबंध में पूर्णतः आश्वस्त हो सकती है कि उसका वर्तमान चाहे जैसा हो, पर भविष्य सरकार के हाथों में न केवल सुरक्षित है, बल्कि निरंतर विकास की ओर अग्रसर भी है। सरकार 2047 से पहले बाल विवाह का उन्मूलन करेगी, लिंगानुपात सुधारेगी, बालिकाओं और किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाएगी तथा पोषणयुक्त भोजन वितरित कर कुपोषण को न्यून करेगी। ये कदम व्यापक सामाजिक बदलाव के वाहक बनेंगे। बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का विचार, सौर ऊर्जा को बढ़ावा और 2047 तक उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने का संकल्प, ये सभी सरकार की सकारात्मक सोच को दर्शाते हैं। सरकार ने कृषि, किसानों और सिंचाई व्यवस्था के संबंध में भी भविष्य की योजनाएं प्रस्तुत की हैं। चूंकि विषय समग्र विकास का था, इसलिए उसे हर ओर से समर्थन मिलना स्वाभाविक था। पिछले दशक में शिक्षा, रोजगार, औद्योगिक विकास, महिला सशक्तिकरण, सड़क आदि अवसंरचना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि बाल मृत्यु दर, कुपोषण, स्वास्थ्य और स्कूल ड्रॉपआउट जैसे क्षेत्रों में देश के औसत से बेहतर स्थिति अभी नहीं है, लेकिन सुधार की गति तेज हुई है। हेल्थ इंडेक्स में प्रदेश अभी भी पिछड़ा हुआ है, वहीं अपराध और भ्रष्टाचार नियंत्रण के प्रयास जारी हैं। फिर भी, इस गति से संतोषजनक स्थिति तक पहुंचने में कुछ वर्ष लग सकते हैं। सरकार को चाहिए कि वह समय-समय पर जारी योजनाओं की सफलता का समीक्षात्मक आकलन करने के लिए भी ऐसे विस्तृत सत्र आयोजित करे।

### प्रसंगवश

## जमशेदजी टाटा भी थे स्वदेशी आंदोलन के हिमायती

जमशेदजी नुसरवानजी टाटा ने स्वदेशी आंदोलन से काफी पहले इसकी जरूरत को समझ लिया था। उनका विजन था 'भारत भारतीयों के लिए'। आजादी से पहले ही उन्होंने एक समृद्ध भारत की बुनियाद रखने की कोशिशें शुरू कर दी थीं। वह अपने देश की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि स्वदेशी उद्योगों के निर्माण और पुनरुद्धार के माध्यम से भारत की बेहतर सेवा की जा सकती है। जमशेदजी देश की आजादी के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारियों के प्रति सहानुभूति रखते थे। हालांकि वह इसका दिखावा नहीं करते थे। उसी दौर में उन्होंने स्वदेशी आंदोलन को विकास से जोड़ने का फैसला किया। यह वह दौर था जब इंग्लैंड से कपड़े और दूसरे सामान बनकर भारत आते थे और यहां का धन देश में लगने के बजाए इंग्लैंड चला जाता था। देश के बुद्धिजीवियों ने इस बात को समझ लिया था। स्वदेशी आंदोलन धीरे-धीरे एक चेतना के तौर पर देश में फैलने लगा था। देश के लोग मानने लगे थे कि स्वदेशी सामानों को संरक्षण देना जरूरी है। जमशेदजी मानते थे कि देश में बेहतर सामानों का निर्माण हो।

1905 के स्वदेशी आंदोलन शुरू होने से पहले की बात है। 'स्वदेशी अपनाओ' तब तक एक नारे के रूप में नहीं जन्मा था, जब जमशेदजी ने अपनी एक मिल के लिए यह नाम अपनाया था। यह बात 1886 की है। उन्होंने बॉम्बे प्रेसीडेंसी की सबसे बड़ी मिल 'धरमसी मिल्स' को खरीदने का फैसला किया। धरमसी मिल्स घाटे में चल रही थी। जब जमशेदजी ने उसे खरीदने का फैसला किया तो तमाम विशेषज्ञों ने इसे घाटे का सौदा बताया था। जमशेदजी ने इस मिल का नाम बदलकर 'स्वदेशी मिल्स' कर दिया। इस बीमार मिल को चलाना इतना आसान नहीं था। उस मिल में बड़े बदलाव की जरूरत थी। उन्होंने पुरानी मशीनों को हटा दिया। वहां काम करने वालों के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए उसे हवादार और बेहतरीन लाइट की व्यवस्था कराई गई।



अब उसे चलाने के लिए पूंजी की जरूरत थी। इसके लिए शेयरधारकों से चंदा लिया गया। एक उद्योगपति के तौर पर जमशेदजी की प्रतिष्ठा थी। इस वजह से इसमें उन्हें ज्यादा मुश्किल नहीं आई। अलबत्ता उनकी उम्मीदों को उस वक्त झटका लगा, जब दो साल बाद मिल लाभांश देने में नाकाम रही। यहां से बनने वाले मोटे धागे की शुरुआती खेप को चीन के बाजार में अस्वीकार कर दिया गया। इसका नुकसान यह हुआ कि शेयर की कीमत अपने शुरुआती मूल्य के एक-चौथाई तक गिर गई। मिल को चलाने के लिए और ज्यादा पूंजी की जरूरत थी। जमशेदजी ने अपनी निजी निधियां जमा कीं और बैंक के पास ओवरड्राफ्ट के लिए गए। उन्होंने परिवार के लिए एक ट्रस्ट बनाया था। उसे उन्होंने बैंक में गिरवी रख दिया। उन्होंने मशीनों का आधुनिकीकरण किया। हौसला और उम्मीदों की जीत हुई। स्वदेशी मिल में जो स्वदेशी सूत बनाए गए, सुदूर पूर्व के बाज़ार में सबसे ऊंचे दाम में बिके।

यह उन कुछ मिलों में से एक बन गई, जो लंकाशायर की सूती मिलों के सूत से सफलतापूर्वक मुकाबला कर सकते थे। सर दिनशॉ वाचा, जिन्होंने स्वदेशी मिल्स में जमशेदजी के प्रबंधक के रूप में काम किया और बाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने, ने 1914 में लिखा, 'शुरुआती सात वर्षों तक स्वदेशी के पुनर्निर्माण से निकटता से जुड़े रहने के कारण, यह लेखक श्री टाटा द्वारा इस संस्था को स्थापित करने में दिखाए गए अदम्य साहस, व्यावसायिक क्षमता और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करने से खुद को नहीं रोक पा रहा है।' जमशेदजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक दादाभाई नौरोजी के विचारों से सहानुभूति रखते थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ एक निश्चित निकटता बनाए रखते थे और 1885 में इसके पहले अधिवेशन में भी उपस्थित थे, फिर भी उनका मानना था कि आर्थिक आत्मनिर्भरता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता निरर्थक होगी।

(इस आलेख के लिए टाटा ग्रुप की वेबसाइट से मदद ली गई है।)

## स्वतंत्रता के बाद का भारत और उम्मीदें





राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

15 अगस्त 1947 को जब देश ने आजादी की सांस ली तो करोड़ों लोगों की आंखों में ऐसे देश का सपना था जो अपने पैरों पर खड़ा हो, जहां वैज्ञानिक सोच और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिले। हर इंसान को बराबरी का दर्जा और हर गांव-गली को शिक्षा की रोशनी हासिल हो। अब जब 15 अगस्त, 2025 को देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, सवाल यह है, क्या वो सपना हकीकत बना या अधूरा ही रह गया! आजादी के बाद हमने बहुत कुछ हासिल किया है। लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई है। हम हर पांच साल में अपनी सरकार चुनते हैं। 1950 में बना हमारा संविधान आज भी जीवित और गतिशील है। आज हम दुनिया की टॉप चार अर्थव्यवस्थों में हैं। साक्षरता दर 1951 के 18% से बढ़कर 77% के पार पहुंच गई है। हमारे पास आईआईटीज, एम्स, इसरो, डीआरडीओ जैसी संस्थाएं हैं। परमाणु बम के साथ एक मजबूत रक्षातंत्र है। देश ने अंतरिक्ष तक उड़ान भरी है- मंगलयान, चंद्रयान, गगनयान, एआई, मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल पेमेंट, ये सब दिखाते हैं कि हमारे वैज्ञानिकों में दम है। स्टार्टअप्स का जलवा है। ग्लोबल कंपनियों में भारतीय सीईओ बने हुए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कई सुधार हुए हैं।

कहानी का दूसरा पन्ना भी है, जो उतना ही सच्चा है जितना पहला। आज भी लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। जो जाते हैं, उनको सिर्फ डिग्री मिलती है, स्किल नहीं। हमारे लाखों पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी नहीं मिलती और करोड़ों को उनकी योग्यता के मुताबिक तनख्वाह नहीं मिलती है। जात-पात, धर्म के नाम पर झगड़े, विवाद अब भी जारी हैं। सोशल मीडिया पर नफरत फैलाना, फेक न्यूज से लोगों को भड़काना आम हो गया है। आज भी कई दलित, आदिवासी हक से वंचित हैं। गांवों में सही अस्पताल नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई किताबों की बात नहीं रही, ये जमीन की सच्चाई है और हम अब भी इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। पर्यावरण की हालत खस्ता है। नदियां सूख रही हैं, हवा में जहर है। जंगल कट रहे हैं और ग्लेशियर पिघल रहे हैं।

सवाल उठता है- अब क्या करें? क्या हम बस शिकायत करते रहें? नहीं। अगर हम वाकई अपने पुरखों के त्याग-बलिदान की कद्र करते हैं, तो हमें कुछ करना होगा। सबसे पहले शिक्षा को सुधारना होगा। सिर्फ किताबी नहीं, जिंदगी के लिए पढ़ाई होनी चाहिए। हमारे बच्चों को सोचने की ताकत, सवाल पूछने की हिम्मत और दुनिया को बेहतर बनाने की समझ देनी होगी। अगर हम शिक्षा को निःशुल्क कर दें, तो इसके लाभ केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी क्रांतिकारी होंगे। महंगी फीस के कारण लाखों प्रतिभाशाली छात्र अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं। मुफ्त शिक्षा से यह प्रतिभा व्यर्थ नहीं जाएगी बल्कि देश के विकास में लगेगी। यह कदम समाज में समान अवसर सुनिश्चित करेगा। अभी एक अमीर परिवार का बच्चा बेहतरीन स्कूल और हॉस्पिटल का लाभ ले सकता है, जबकि गरीब का बच्चा सरकारी स्कूल में टूटी बेंच पर बैठकर पढ़ता है। मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं इस खाई को पाटेंगी। यह केवल नैतिक नहीं बल्कि व्यावहारिक भी है, क्योंकि एक समान अवसर वाला समाज अधिक स्थिर और प्रगतिशील होता है। हमारे पास दुनिया के उदाहरण भी हैं। फिनलैंड ने पूरी तरह मुफ्त और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देकर अपने समाज को सबसे प्रतिस्पर्धी बनाया है। हमें रोजगार पैदा करना होगा और वो सिर्फ सरकारी नौकरी ही नहीं, बल्कि ऐसा माहौल हो, जहां युवा खुद का कुछ शुरू कर सकें- स्टार्टअप, कृषि आधारित उद्योग, डिजिटल इनोवेशन।

दूसरा, सभी के लिए इलाज भी निःशुल्क हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में हर साल लगभग छह करोड़ लोग केवल इलाज के खर्च के कारण गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। अस्पतालों में मरीज से अनावश्यक टेस्ट कराए जाते हैं। महंगे पैकेज बेचे जाते हैं।

अगर स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए मुफ्त हो जाए तो यह सिलसिला लगभग खत्म हो सकता है। क्यूबा ने 100% मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देकर डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कनाडा में टैक्स से वित्तपोषित यूनिवर्सल हेल्थकेयर ने हर नागरिक को समान चिकित्सा सुविधा दी है। इन देशों का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य खर्च नहीं, बल्कि सबसे बड़ा निवेश हैं, जो भविष्य में कई गुना लाभ देता है। आज जापान, दक्षिण कोरिया और फिनलैंड जैसे देश इसलिए आगे हैं, क्योंकि उन्होंने दशकों पहले शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारी निवेश किया।

तीसरा, सामाजिक बराबरी लानी होगी। इंसानियत सर्वोपरि है। जात-पात, धर्म के झगड़े हमें तोड़ते हैं। हर बच्चा, चाहे किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो, उसे वही मौके मिलने चाहिए जो किसी बड़े शहर के अमीर बच्चे को मिलते हैं। चौथा, पर्यावरण के साथ अब और खिलवाड़ नहीं चलेगा। हर योजना में 'ग्रीन सोच' होनी चाहिए। सोलर एनर्जी, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, साइकिल ट्रैक, प्लास्टिक बैन। अब बातें नहीं, काम चाहिए। पांचवा, हमें न्याय व्यवस्था और प्रशासन को भी इंसानियत के करीब लाना होगा। लोगों को पुलिस से डर नहीं, भरोसा होना चाहिए। कोर्ट में एक केस सालों-साल लटका रहे, ये सिस्टम सही नहीं है। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हमें न्याय और सुविधा दोनों जल्दी पहुंचानी होगी।

देश आजाद हुआ तो सभी के लिए न खाने को अन्न था और न ही पहनने को कपड़े। 78 बरस में काफी कुछ हासिल हुआ है। देश को अभी बहुत आगे जाने है। कई सारी उम्मीदों से भरा है युवा भारत।

### आमने सामने



नेता जी (मुलायम सिंह यादव) जैसे भोले-भाले नेता को भी आप लोगों ने बदनाम करने का काम किया है। शिवपाल उनकी विरासत के अंतिम उत्तराधिकारी थे, लेकिन चाचा भी गच्चा खा गए।
**-योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री जी भी 'परिवार डेवलपमेंट अथारिटी' का हिस्सा हैं। यदि उनके मामा उत्तराखंड से मठ में नहीं आए होते तो यह यहां नहीं होते। मुख्यमंत्री जी को चाचा की चिंता करने की जरूरत नहीं है।
**-अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी



## बेहतर होगा शिक्षा एवं भाषा का तालमेल



शिशिर शुक्ला
विभागाध्यक्ष
भौतिकी विभाग

अब वह दिन दूर नहीं जबकि उच्च शिक्षा की राह में आने वाली भाषा संबंधी अड़चनें हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो जाएंगी। दरअसल शिक्षा मंत्रालय के द्वारा इस दिशा में गंभीरता के साथ संज्ञान लेते हुए एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना के तहत शिक्षा मंत्रालय के द्वारा एक अहम मुहिम को शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य आने वाले तीन वर्षों में विश्वविद्यालयों एवं अन्य सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों से संबंधित पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करके उन्हें डिजिटल रूप में उपलब्ध कराना है। शिक्षा मंत्रालय के द्वारा उच्च शिक्षा से संबंधित पुस्तकों का हिंदी सहित 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने का फैसला लिया गया है। मंत्रालय के अनुसार इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए उच्च शिक्षा के लगभग चार सौ प्रोग्राम के साठ हजार पाठ्यक्रमों से जुड़ी हुई ढाई लाख पाठ्य पुस्तकों को इसके लिए चिन्हित भी किया जा चुका है।

12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुरूप इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, फार्मेसी आदि विभिन्न क्षेत्रों में करियर निर्माण को लेकर अपनी दिशा तय करता है। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि लगभग सभी पाठ्यक्रमों में अच्छी पाठ्य सामग्री अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध होती है। 12वीं तक की पुस्तकें तो अवश्य हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में अच्छे कंटेंट के साथ मिल जाती हैं, किंतु जब इससे आगे बढ़ा जाता है तो हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में अच्छी पाठ्य सामग्री की उपलब्धता कम होने लगती है। कारण चाहे जो भी हो, किंतु सत्य यही है कि यदि आप किसी भी विषय में अच्छी पाठ्य सामग्री को पढ़ना चाहते हैं तो आपको कहीं न कहीं अंग्रेजी भाषा का ही सहारा लेना पड़ेगा। कल्पना कीजिए




कि यदि शिक्षा मंत्रालय की यह महत्वपूर्ण योजना एक सफल क्रियान्वयन के साथ अपनी पूर्णता को प्राप्त कर लेती है, तो विद्यार्थियों के लिए कितनी आसानी हो जाएगी। यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद होगी जो अंग्रेजी जैसी भाषा में अपने आप को कमज़ोर अथवा पिछड़ा हुआ महसूस करते हैं।

भारत भाषायी विविधता से संपन्न देश है। यहां 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त हैं और हजारों बोलियां देश के विभिन्न हिस्सों में बोली जाती हैं। एक लोकतांत्रिक, बहुभाषी और बहु-सांस्कृतिक राष्ट्र होने के नाते ऐसी अपेक्षा की जाती है कि देश की शिक्षा प्रणाली, विशेषकर उच्च शिक्षा, इन भाषाओं को समान महत्व दे। किंतु जब उच्च शिक्षा की बात आती है, तो भारतीय भाषाओं में उपयुक्त, गुणवत्तापूर्ण और अद्यतन पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती बनकर उभरती है। यह समस्या सिर्फ भाषायी ही नहीं, बल्कि बौद्धिक असमानता, ज्ञान तक पहुंच और आत्मनिर्भरता से भी जुड़ी हुई है। भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपरांत अंग्रेजी में कमजोर विद्यार्थी भी अपने पसंदीदा पाठ्यक्रमों में खुशी-खुशी प्रवेश लेने में सक्षम हो सकेंगे, क्योंकि उनके मन मस्तिष्क से यह चिंताजनक विचार सदैव के लिए बाहर निकल चुका होगा कि आखिरकार वे अपने चयनित पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए किन पुस्तकों का सहारा लेंगे।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार पुस्तकों के अनुवाद में राज्यों की ओर से आई मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। आज का परिदृश्य कुछ ऐसा है कि अंग्रेजी आधारित उच्च शिक्षा प्रणाली में ऐसे विद्यार्थी जो ग्रामीण, निर्धन अथवा गैर अंग्रेजी पृष्ठभूमि से आते हैं, खुद-ब-खुद हाशिए पर पहुंच जाते हैं। वहीं यदि उन्हें पाठ्य सामग्री उनकी पसंदीदा भाषा में उपलब्ध होगी तो जाहिर सी बात है कि शिक्षा के प्रति उनका रुझान एवं उत्साह एक उच्चतर स्तर को प्राप्त कर लेगा एवं वे अध्ययन के मामले में स्वयं को उस विद्यार्थी से कमतर बिल्कुल नहीं समझेंगे, जो अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर रहा है अथवा ऐसा करने को प्राथमिकता देता है। हमारे विचारों अथवा दृष्टिकोण की मौलिकता तभी उजागर हो सकती है, जबकि हम अपनी भारतीय भाषाओं का सहारा लेकर उन्हें पोषित करें। अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण करके हम डिग्री तो बेशक हासिल कर सकते हैं, किंतु ऐसी दशा में अपने विचारों, सोच एवं रचनात्मकता में मौलिकता का समावेश हमारे लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।

आने वाले तीन वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों से संबंधित पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध होगा। इसके साथ ही वह डिजिटल रूप में भी छात्रों को मिल सकेगा।

### सामयिकी

## अपने कर्तव्यों के बारे में भी सोचने का समय

आज़ाद भारत का सफ़र किसी एक कथा, नारे या भावनात्मक आदर्शवाद से परे असंख्य बदलावों, चुनौतियों और सामूहिक जिम्मेदारियों का विस्तृत दस्तावेज़ है। 15 अगस्त 1947 की भोर केवल सत्ता के हस्तांतरण का दिन नहीं थी; यह एक भूखंड, एक समाज और करोड़ों उम्मीदों के स्वतंत्र स्वर की पहली सुबह थी। उस क्षण से युवा लोकतंत्र के सामने पहली चुनौती थी, साम्प्रदायिक हिंसा रोकना, विभाजन के घाव भरना। भूख, गरीबी और अशिक्षा में जकड़े समाज को समानता व सम्मान का अनुभव कराना। स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में देश ने पंडित नेहरू के नेतृत्व में समाजवादी और मिश्रित अर्थनीति को अपनाया। पंचवर्षीय योजनाओं और सार्वजनिक उपक्रमों के सहारे आधुनिक भारत की नींव रखी गई। बड़े बांध, इस्पात संयंत्र, आईआईटी, रेल और ऊर्जा के जाल को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहा गया। हरित क्रांति ने अन्न की कमी दूर की। शिक्षा और स्वास्थ्य की बुनियाद पड़ी।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

1980 के दशक में आर्थिक उदारीकरण की आहट सुनाई दी, लेकिन निर्णायक मोड़ 1991 में जाकर आया, जब विदेशी मुद्रा संकट ने सरकार को अर्थव्यवस्था के दरवाजे खोलने और सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बाध्य किया। नई आर्थिक नीति, निजीकरण और वैश्विक जुड़ाव ने तब भारत को नई गति दी, जिससे उद्यमिता, सूचना क्रांति और सेवा क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ।

हर दशक के साथ सरकार की भूमिका भी बदली। संविधान ने लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के आदर्श दिए। सत्ता के केंद्रीकरण से विकेंद्रीकरण तक, केंद्रीय योजनाओं से निजी क्षेत्र और नागरिक समाज तक, सैन्य सुरक्षा से लेकर आपदा प्रबंधन और टिकाऊ विकास तक उत्तरदायित्व लगातार बढ़ते गए। पंचायती राज, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार, आधार, जीएसटी, डिजिटलीकरण, महिला सशक्तिकरण और ग्रीन-एनर्जी जैसी पहलें इसी यात्रा के पड़ाव हैं।

इस सफर में केवल सरकार नहीं, जनता की भागीदारी भी उतनी ही निर्णायक रही है। शरणार्थियों का पुनर्वास, अकाल और आपदा में राहत कार्य, पोलियो उन्मूलन, पर्यावरण और सामाजिक न्याय आंदोलनों में जनसक्रियता इसकी मिसाल है। हम सरकार से बहुत उम्मीद रखते हैं, लेकिन अपने नागरिक कर्तव्यों को उतनी प्राथमिकता नहीं देते। इसके साथ ही कर का ईमानदारी से भुगतान, कानून का पालन, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति सजगता-ये केवल सरकारी जिम्मेदारियां नहीं, बल्कि हमारी साझा भूमिका हैं। लोकतंत्र में 'मतदाता' होना पर्याप्त नहीं, 'जिम्मेदार नागरिक' होना अनिवार्य है, इसलिए स्वतंत्रता का यह पर्व केवल झंडा फहराने या परेड देखने का अवसर नहीं, बल्कि यह सोचने का दिन है कि हम अगली पीढ़ी को कैसा भारत सौंपेंगे। उपलब्धियों का सम्मान, चुनौतियों का सामना और भविष्य के लिए ठोस संकल्प-यही स्वतंत्रता की असली विरासत है। यह विरासत उपदेश या आदर्शवाद में नहीं, बल्कि रोज़मर्रा के आचरण में, कर्म, दायित्व और बदलाव के सतत संगम में जीवित रहती है।

### सोशल फोरम

## पहली बार देश का झंडा फहराने वाली महिला



'भारत आजाद होना चाहिए। भारत एक गणतंत्र होना चाहिए। भारत में एकता होनी चाहिए।' ये उस महिला के शब्द थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत में पहली बार भारतीय झंडा फहराया। भारत की आजादी से चार दशक पहले, साल 1907 में विदेश में पहली बार भारत का झंडा एक महिला ने फहराया था! 46 वर्षीया भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टटगार्ट में हुई दूसरी 'इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस' में यह झंडा फहराया था। यह भारत के आज के झंडे से अलग, आजादी की लड़ाई के दौरान बनाए गए कई अनौपचारिक झंडों में से एक था। उस वक्त देश में राष्ट्रवाद की लहर तेज थी, क्योंकि दो साल पहले ही बंगाल प्रांत का बंटवारा हुआ था। लोगों का गुस्सा अंग्रेज सरकार के खिलाफ अपने चरम पर था। यह वह दौर था, जब महात्मा गांधी दक्षिण अफ़्रीका में ही थे, पर बंटवारे से उमड़े गुस्से में लोगों ने 'स्वदेशी' को तरजीह देने के लिए विदेशी कपड़ों का बहिष्कार शुरू कर दिया था। लेखक बंकिम चंद्र चैटर्जी की किताब 'आनंदमठ' से निकला गीत 'वंदे मातरम्' राष्ट्रवादी आंदोलनकारियों में लोकप्रिय हो गया। भीकाजी कामा द्वारा फहराए झंडे पर भी 'वन्दे मातरम्' लिखा था। इसमें हरी, पीली और लाल पट्टियां थीं। झंडे में हरी पट्टी पर बने आठ कमल के फूल भारत के आठ प्रांतों को दर्शाते थे। लाल पट्टी पर सूरज और चांद बना था। सूरज हिंदू धर्म और चांद इस्लाम का प्रतीक था। यह झंडा अब भी पुणे की केसरी मराठा लाइब्रेरी में प्रदर्शित है। एक गुलाम देश, एक आजाद सोच लिए एक क्रांतिकारी महिला और हमारे देश का अपना पहला झंडा। आज करीब 114 साल बाद यह घटना बड़ी आम लगती है, लेकिन उस वक्त यह निडरता, बहादुरी और अपने अधिकार को न छोड़ने की मिसाल रही होगी। ऐसी मिसाल पेश करने के लिए भीकाजी कामा को शत-शत नमन।

द बेटर इंडिया
फेसबुक


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# अमृत विचार यूरेका

# तारों-सितारों से आगे जहां और भी हैं

## नासा और स्पेस एक्स ने साल 2050 तक मंगल ग्रह पर कॉलोनी बनाने की कर रखी है घोषणा

चैतन्य चरितामृत में एक प्रसंग है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा ब्रह्मा के भ्रम और अहंकार को मिटाया जाता है। कहानी ब्रह्मा के द्वारका पहुंचकर श्रीकृष्ण से मिलने की है। इस दौरान ब्रह्मा से श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह ब्रह्मांड चार अरब मील तक फैला है और सभी ब्रह्मांडों में सबसे छोटा है। इसी कारण तुम्हारे शरीर पर केवल चार सिर हैं। कुछ ब्रह्मांड एक अरब योजन, कुछ एक खरब और कुछ दस खरब तथा कुछ सौ खरब योजन के हैं। हर ब्रह्मांड के आकार के अनुसार ही वहां ब्रह्मा के शरीर पर सिर हैं। इसके बाद ब्रह्मा ने देखा कि दस, सौ, हजार और लाखों मुख वाले ब्रह्मा श्रीकृष्ण की वंदना कर रहे हैं। चैतन्य चरितामृत के अनुसार हजारों ब्रह्मांडों में हजारों पृथ्वी स्थित हैं। अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि पृथ्वी के नीले आसमान से परे संभावनाओं से भरा विशाल ब्रह्मांड फैला हुआ है, जिसमें अनगिनत तारे और ग्रह स्थित हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जहां जीवन के लिए जरूरी वातावरण और परिस्थितियां संभव हैं। खगोलविदों ने कई ऐसे ग्रहों की पहचान की है जो उनकी इस बात का समर्थन करते हैं।

वैज्ञानिक लंबे समय से अपने सौर मंडल से बाहर इंसानों के रहने योग्य बाहरी ग्रह की खोज में लगे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने पृथ्वी जैसे कई ग्रहों की पहचान भी की है। लेकिन, दूसरी दुनिया बसाना आसान काम नहीं है। हालांकि नासा और एलॉन मस्क की स्पेस एक्स एजेंसी 2050 तक मंगल ग्रह पर एक आत्मनिर्भर कॉलोनी बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। चीन ने भी 2033 तक इंसान को मंगल ग्रह पर भेजने की घोषणा कर रखी है। दरअसल, अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने अब तक की खोज में मंगल ग्रह को इंसानों के लिए सबसे उपयुक्त ग्रह पाया है। वहां के वायुमंडल में 95 फीसदी कार्बन डाई आक्साइड है। औसत तापमान माइनस 55-60 डिग्री सेल्सियस रहता है। लेकिन बड़ा सवाल है कि इंसान के मंगल ग्रह तक पहुंचने के बाद भी वहां कॉलोनी बसाना कितना आसान होने वाला है।

वैज्ञानिक किसी भी ग्रह की खोज में सबसे पहले यह देखते हैं कि वहां जीवन की कितनी संभावना है। इसके लिए पानी और आक्सीजन की उपलब्धता के साथ ग्रह को अपने तारे के इतना पास होना चाहिए कि वहां पानी न ज्यादा गर्म हो और न अधिक ठंडा। ग्रह के वातावरण में इंसान के जिंदा रहने के लिए ठोस सतह तथा चुंबकीय क्षेत्र होना भी जरूरी है।

एक और पेंच यह भी है कि हम ग्रह की यात्रा करने में सक्षम हैं या नहीं। अभी हमने सिर्फ चंद्रमा तक का सफर तय किया है। चंद्रमा की पृथ्वी से दूरी 3.84 लाख किलोमीटर है। अब वैज्ञानिकों का अंतरिक्ष में सबसे बड़ा मिशन मंगल ग्रह पर पहुंचना है। मंगल ग्रह की पृथ्वी से दूरी 22.5 करोड़ किमी है। लेकिन नासा के साथ ही दूसरी स्पेस एजेंसियां इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अगले एक दशक के भीतर मंगल ग्रह पर इंसान को भेजने का मिशन शुरू हो सकता है।

### पृथ्वी के बाहर यहां भी वैज्ञानिकों ने खोज लिया पानी

- वैज्ञानिकों ने पृथ्वी जैसे आकार वाले जो प्रमुख एक्सोप्लैनट खोजे हैं, उनमें केपलर-186 एफ, केपलर-452बी तथा ट्रैपिस्ट-1-ई प्रमुख हैं। अब तक की खोज के अनुसार वैज्ञानिकों ने कम से कम आधा दर्जन ऐसे ग्रहों की खोज की है जिनमें जीवन की संभावना हो सकती है। इनमें मंगल के अलावा बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा है, इस पर बर्फ की परत के नीचे एक विशाल महासागर है, जो जीवन के लिए अनुकूल हो सकता है। ऐसे ही शनि का चंद्रमा एन्सेलेडस भी है, जिस पर पानी के गीजर पाए गए हैं, जो जीवन के लिए आवश्यक हैं।

### सुपर अर्थ जैसा एक और नया ग्रह वैज्ञानिकों ने खोजा

- खगोलविदों ने टीओआई-1846 बी नामक सौरमंडल के बाहर किसी अन्य तारे की परिक्रमा करने वाला ग्रह (एक्सोप्लैनेट) खोजा है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग दोगुना बड़ा है। इसमें बहुत सारा पानी हो सकता है। यह ग्रह 154 प्रकाश वर्ष दूर है। यह एक लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि आकार और घनत्व के आधार पर इस ग्रह पर प्रचुर मात्रा में पानी होने की संभावना है। टीओआई-1846 बी ग्रह का पता मोरक्को के ओकाइमेडेन वेधशाला में अब्देरहमाने सौबकिउ और उनकी टीम ने नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सेटेलाइट के डेटा के विश्लेषण से लगाया है। इसकी त्रिज्या पृथ्वी से 1.792 गुना है और यह पृथ्वी से करीब 4.4 गुना ज्यादा भारी है। यह ग्रह अपने तारे के चारों ओर हर 3.93 दिनों में एक परिक्रमा पूरी करता है। इससे पहले भी वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के जैसा ही एक और ग्रह खोज निकाला था। एचडी 20794-डी नामक इस ग्रह को सुपर अर्थ का नाम दिया गया है।
- वैज्ञानिकों ने यहां धरती के इंसानों और जीवों के रहने का माहौल मिलने की पूरी संभावना जताई है। यह ग्रह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर है और हमारे सूर्य से थोड़े छोटे तारे की परिक्रमा कर रहा है। यह ग्रह अपने तारे की एक परिक्रमा 647 दिनों में पूरी करता है। इसका मतलब है कि इस ग्रह पर पानी होने की काफी संभावना है। इसकी खोज इंस्टीट्यूटो डी एस्ट्रोफिसिका डी कैनरियास-आईएसी तथा यूनिवर्सिडैड डी ला लगुना ने की थी।

### 'जुड़वां बहन' शुक्र के लिए भारत का आर्बिटर मिशन

शुक्र ग्रह को पृथ्वी की जुड़वां बहन कहा जाता है। इसे ग्रीनहाउस इफेक्ट वाला ग्रह भी माना जाता है। ऐसे में पृथ्वी पर परिवर्तन की बढ़ती चिंता को देखते हुए वैज्ञानिक यह जानने को लालायित हैं कि आखिर किसी ग्रह की जलवायु किस तरह और किन कारणों से नियंत्रण से बाहर चली जाती है। ऐसा माना जा रहा है कि शुक्र ग्रह की सतह अभी भी काफी गर्म है, लेकिन इंसानों के रहने योग्य वाला ग्रह बनने की प्रक्रिया में है। भारत ने शुक्र आर्बिटर मिशन शुरू करने की तैयारी में जुटा है। इसके जरिए यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि आखिरकार यह ग्रह कैसे आग का गोला बन गया। यहां कभी पानी था या नहीं।

### मंगल ग्रह पर भारतीय रोवर हेलीकॉप्टर भेजने की तैयारी

- भारती अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक मंगल मिशन-2 की तैयारी में लगे हैं। मंगल यान नाम से भारत का पहला अंतरग्रहीय मिशन 5 नवंबर, 2013 को लॉन्च किया गया था, जिसने 24 सितंबर 2014 को मंगल ग्रह की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। इसी के साथ इसरो मंगल ग्रह की कक्षा में उपग्रह भेजने वाली चौथी अंतरिक्ष एजेंसी बन गई थी। मंगल मिशन-2 जो कि पहले केवल ऑर्बिटर मिशन था, अब इसमें भारतीय रोवर के साथ सॉफ्ट लैंडिंग भी शामिल हो सकती है। इसके साथ ही एक हेलीकॉप्टर भी भेजने पर मंथन चल रहा है। चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग से इसे लेकर वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ा है।

**लेखक**
**मनोज त्रिपाठी**

## यूएफओ रहस्य जैसे पर ज्यादातर दावे पड़ताल में खारिज

यूएफओ (अनएडंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स) या उड़नतश्तरियों के आसमान से उतरने की कहानियां एक रहस्य जैसी हैं, और समय-समय पर वैज्ञानिक कसौटी पर खारिज होती रहती हैं, इसके बावजूद हर साल दुनिया भर में उड़नतश्तरियां देखे जाने के सैकड़ों मामले सामने आते रहते हैं। इस बार भी दो जुलाई को विश्व यूएफओ दिवस पर ऐसे मामलों की पड़ताल रिपोर्ट में अधिकतर दावों को खारिज कर दिया गया। उड़न तश्तरियों के बारे में पेंटागन की पिछले वर्ष की रिपोर्ट को सबसे अहम माना जा सकता है, जिसमें साल 2023-24 के 757 यूएफओ मामलों की समीक्षा की गई। इनमें से अधिकांश को गुब्बारे, पक्षी, उपग्रह या ड्रोन के रूप में पहचाना गया, लेकिन कुछ मामले अस्पष्ट रह गए। रिपोर्ट में परग्रही मूल के कोई ठोस सबूत नहीं मिले। इससे पहले नासा की यूएफओ रिपोर्ट में माना गया था कि यूएफओ पृथ्वी के सबसे बड़े रहस्यों में से एक हैं।




- नासा की स्वतंत्र अध्ययन टीम ने यूएफओ के बारे में वैज्ञानिक जांच की सिफारिश तो की थी, लेकिन कहीं भी परग्रही जीवन के कोई सबूत मिलने से साफ इंकार किया था। हालांकि दो वर्ष पहले मेक्सिको की संसद में दो कथित 'एलियन शव' प्रदर्शित करके दावा किया गया था कि वे हजारों साल पुराने हैं। लेकिन वैज्ञानिकों ने इन्हें नकली या मानव निर्मित माना था।



## मिनी-ब्रेन से मिल सकेगा डिप्रेशन ऑटिज्म व अल्जाइमर का इलाज

अमेरिका की जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने लैब में एक छोटा सा दिमाग बनाया है। इसे 'मिनी-ब्रेन' कहा जा रहा है। यह मिनी-ब्रेन बिल्कुल इंसान के दिमाग जैसा ही काम करता है। आकार में यह 40 दिन के मानव भ्रूण के दिमाग जितना है। लेकिन इसके भीतर दिमाग के सभी हिस्से और खून की छोटी-छोटी नलियां मौजूद हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह मिनी-ब्रेन बिजली के सिग्नल ठीक उसी तरह भेजता है, जैसा कि हमारा दिमाग भेजता है। माना जा रहा है कि इस मिनी-ब्रेन के जरिए मानव मस्तिष्क से जुड़ी गंभीर बीमारियों को समझकर उनका उपचार खोजने में बड़ी मदद मिल सकती है। खास तौर पर मिनी-ब्रेन से ऑटिज्म, डिप्रेशन, और अल्जाइमर जैसी बीमारियों का इलाज खोजा जा सकता है।

## प्लास्टिक बोतल मिली कांच की बोतल से ज्यादा सेफ



- अभी तक यही समझा जाता है कि प्लास्टिक की बोतल में पानी पीना या पेय पदार्थ रखना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। प्लास्टिक की बोतल के मुकाबले हर कोई कांच के बोतल को ज्यादा सुरक्षित बताता है। लेकिन इस बारे में आई एक नई स्टडी ने पूरी धारणा को चुनौती दे डाली है। फ्रांस की खाद्य सुरक्षा एजेंसी के एक अध्ययन में दावा किया गया गया है कि कांच की बोतल में प्लास्टिक की बोतल की तुलना में अधिक माइक्रोप्लास्टिक होते हैं।
- शोधकर्ताओं का कहना है कि उन्हें भी यही उम्मीद थी कि कांच की बोतलें, प्लास्टिक की बोतलों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित होंगी, किंतु लेकिन शोध परिणाम चौंकाने वाले हैं। शोध अध्ययन के अनुसार, कोल्ड ड्रिंक, नींबू पानी, बीयर और आइस टी आदि की कांच की बोतलों में प्रति लीटर लगभग 100 माइक्रोप्लास्टिक कण होते हैं। यह मात्रा प्लास्टिक या धातु के कंटेनरों की तुलना में 50 गुना अधिक है।

## नए उत्पाद गैजेट




### पार्टी, पूल साइड म्यूजिक व वीकेंड ट्रिप्स के लिए वायरलेस स्पीकर्स

- भारतीय ऑडियो और वियरेबल्स ब्रांड boAt ने नई Stone Arc सीरीज पेश की है। इसमें तीन पावरफुल और पोर्टेबल RGB वायरलेस स्पीकर्स Stone Arc Pro Plus, Stone Arc Pro और Stone Arc हैं। कंपनी इन्हें 4 से 5 हजार की रेंज में बेच रही है। इन स्पीकर्स को आउटडोर और इंडोर पार्टियों, वीकेंड ट्रिप्स और रोजमर्रा के म्यूजिक लवर्स के लिए बनाया है। सीरीज का सबसे पावरफुल स्पीकर 45W तक का धमाकेदार साउंड देता है। इसमें Broadcast Mode से एक साथ कई Arc Pro Plus या Arc Pro स्पीकर्स सिंक कर सकते हैं। IPX5 वॉटर-रेसिस्टेंस, 12 घंटे की बैटरी लाइफ और एलईडी लाइटिंग नाइट पार्टी और पूल साइड म्यूजिक का बेहतर ऑप्शन बनाती है।

### आधी कीमत पर सैमसंग गैलेक्सी वॉच 6 क्लासिक एलटीई



- सैमसंग गैलेक्सी वॉच 6 क्लासिक एलटीई (47 मिमी) अमेजन प्राइम डे सेल में 51 फीसदी छूट के साथ रुपये 24,999 में उपलब्ध है। यह एंड्रॉइड-ओनली स्मार्टवॉच ब्लड प्रेशर और ईसीजी ट्रैकिंग, एडवांस्ड स्लीप कोचिंग और कस्टम हार्ट रेट जोन के साथ जोड़ती है। इसमें LTE सपोर्ट के साथ, आप बिना फोन के कॉल ले सकते हैं, संदेशों का जवाब दे सकते हैं और संगीत स्ट्रीम कर सकते हैं। इसके अलावा, सैमसंग वॉलेट आपको अपनी कलाई से ही सुरक्षित, संपर्क रहित भुगतान की सुविधा भी देता है।

### नोवा के बजट फ्रेंडली एआई स्मार्ट फोन सेल में उपलब्ध




- भारत के सबसे बजट फ्रेंडली AI+ स्मार्टफोन्स AI+ Nova 5G और AI+ Pulse 5G को बाजार में जबरदस्त रिस्पॉन्स के कारण पहली ही सेल में आउट ऑफ स्टॉक हो गए थे। अब फ्लिपकार्ट की इंडिपेंडेंस डे सेल में ये दोनों फिर से बड़े किफायती दाम में उपलब्ध हैं। AI+ Pulse 5G के 4GB RAM + 64GB वैरिएंट की कीमत 5,499 रुपये है। इसका 6GB RAM + 128GB मॉडल 6,999 में है।

## शरीर की मशीन ठंडा करने के लिए 'कूलैंट' है पसीना

बरसात के मौसम में गर्मी और उमस पसीना निकाल रही है। वातावरण में आर्द्रता का प्रतिशत बढ़ने से हर कोई पसीना-पसीना हो रहा है। चेहरे का पसीना तो बार-बार पोछ सकते हैं, लेकिन उस पसीने का क्या करें जो पीठ से बहकर नीचे की तरह बह रहा है, और बनियान के बाद शर्ट को भिगो रहा है। दरअसल, मौसम के साथ हमारा शरीर भी किसी मशीन की गर्म हो उठता है।

जैसे कार के इंजन को ठंडा करने के लिए कूलैंट है, तो लैपटॉप और कंप्यूटर में हीट सक्शन, एग्जॉस्ट फैन लगे हैं। कुछ इसी तर्ज पर शरीर को सेफ लिमिट तक ठंडा रखने के लिए शरीर में मौजूद स्वेट ग्लैंड पसीना पैदा करती हैं। इनके बॉडी टेम्परेचर कंट्रोल करने के लिए एक्टिव होते ही शरीर से पानी की छोटी-छोटी बूंदें पसीने के रूप में बह निकलती है। इनमें अमोनिया, यूरिया, नमक, और चीनी मौजूद होती है।



### पसीने से नई कूलिंग तकनीक बनाने में मिल सकती मदद


- अमेरिका की पब्लिक रिसर्च एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के थर्मल और मैटेरियल इंजीनियर कोनराड रायकाजेव्स्की के अनुसार पसीना 'घिनौना' माना जाता है, लेकिन यह बेहद जरूरी है। नमी अपने आप हमें ठंडक नहीं पहुंचाती। पसीने का वाष्पीकरण ही हमारी त्वचा ठंडा करता है। पसीने की क्रियाविधि का अध्ययन करने से वैज्ञानिकों को बेहतर शीतलन तकनीक विकसित करने में मदद मिल सकती है। पसीने पर किए गए पिछले अध्ययनों में इसे सूक्ष्म स्तर पर देखा गया, जिसमें छिद्रों में पसीने के बनते देखने के लिए प्रकाश और इमेजिंग के उपयोग से पाया गया था कि नम त्वचा अधिक विद्युत का संचालन करती है।

### रोम छिद्रों से किसी ज्वार की तरह ऊपर उठता है

- हाल में एक शोध अध्ययन के मुताबिक आम धारणा के विपरीत, पसीना हमारी त्वचा से नाजुक बूंदों के रूप में यूं ही नहीं निकलता है, बल्कि, यह हमारे रोम छिद्रों से एक ज्वार की तरह ऊपर उठता है और त्वचा की ऊपरी परत को भिगो देता है। वैज्ञानिकों ने जर्नल ऑफ द रॉयल सोसाइटी इंटरफेस में इस प्रकिया को दिखाया जिसमें पसीना रोम छिद्रों में एक उथला तालाब बनाता है, फिर दूसरों के साथ मिलकर एक सतत परत बनाता है। इससे पता चलता है कि कैसे हम पसीने से अचानक भीग जाते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद इटावा












# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई

राठ परिशिष्ट

## देश की आजादी दिलाने वाले शूरवीरों को नमन



आज हम 79वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व उत्साह के साथ मना रहे हैं। इसके साथ ही भाई बहन के असीम स्नेह प्यार के बंधन रक्षाबंधन को भी पर्व को भी आगे मनायेंगे। जंगे आजादी में कुर्बानी देने वाले जांबाज अमर शहीदों और महान पुरूषों की देश भक्ति का जज्बा आज हमारे दिल में समाहित है। ये नफरत बुरी है, न पाले इसे दिल में खलिश है।न करो से तेरा मेरा, न इसका न उसका यह सबका वतन है। अर्थात हमारी स्वतंत्रता वहीं तक सीमित है जब तक हम किसी दूसरे की स्वतंत्रता में बाधक नहीं बनते। समस्त सम्मानित नागरिकों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**शिवांगी राजपूत**
मैनेजिंग डायरेक्टर - हिंद एंजिल्स पब्लिक स्कूल, राठ

## संदेश



स्वतंत्रता राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान के लिए ऐतिहासिक संग्राम में शहीदों की कुर्बानी प्रेरणा स्रोत है। आज 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी नवयुवकों को अपने देश को समृद्धिशाली बनाने की शपथ लेनी होगी। समस्त देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई।

**धीरेंद्र श्रीवास्तव**
प्रबंधक- सेठ छोटे लाल एकेडमी, राठ

## अमर शहीदों को कोटि कोटि प्रणाम



स्वतंत्रता समर में जिन असंख्य भारत माता के वीर सपूतों ने अपनी ममतामयी मां की गोद को छोड़कर राष्ट्रीय स्वाहा इदम न मम का मंत्र जपते हुए प्राणोत्सर्ग कर इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर स्वर्णाक्षिरों में नाम अंकित कर गए उन्हें कोटि कोटि प्रणाम। हम ऐसी युवा पीढ़ी के निर्माण का संकल्प ले जो हिन्दुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत हो।

**एस धनबालन**
संस्थापक- क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल, राठ


HRF TYRES by HIND RUBBER
This INDEPENDENCE Drive the Nation Forward with HRF TYRES!
BY-HIND RUBBER
CONTACT - 9565155063

BEST EDUCATION
क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल
राठ, जिला- हमीरपुर, उ०प्र०- 210431
स्वतंत्रता दिवस 15th AUGUST हार्दिक शुभकामनाएँ
NEET-2025 (Selected in M.B.B.S.)
ANJALI RAJPUT · SNEHA RAJPUT · RIMI VERMA
C.B.S.E. 12th TOPPER STUSENTS
C.B.S.E. 10th TOPPER STUSENTS
FOUNDERS

स्वतंत्रता दिवस पर अभिभावकों, बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को हार्दिक बधाई
मधुवन दास त्यागी पूर्व माध्यमिक विद्यालय
चरखारी रोड, राठ
शिक्षण की उत्तम व्यवस्था
शिवकुमार राजपूत प्रबंधक
विश्वेश्वर प्रसाद प्रधानाचार्य

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर सभी नागरिकों, टीचर्स बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं
एन्ना हैंसन मिशन स्कूल
धुपकली तालाब के सामने, राठ
हिंदी/अंग्रेजी माध्यम
शिक्षण की उत्तम व्यवस्था
ए0पी0 इंदर प्रबंधिका
सरोज इंदर
समस्त स्टाफ एन्ना हैंसन मिशन स्कूल, राठ

कक्षा षष्ट से द्वादश तक · सुमन भारती शान्ति निकेतन · केवल बालिकाओं के लिए
सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज
हाईस्कूल परिणाम 2024 · इन्टरमीडिएट परिणाम 2024
खुशखबरी..... खुशखबरी..... खुशखबरी.....
हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
बालक-बालिकाओं हेतु शिशु वाटिका
प्रवेश प्रारम्भ · का शुभारम्भ सत्र 2025 से
प्रधानाचार्य · अध्यक्ष · कोषाध्यक्ष · प्रबन्धक

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
मदर्स इंटरनेशनल स्कूल
रोडवेज बस स्टैंड के सामने, राठ
अंग्रेजी माध्यम
शिक्षण की उत्तम व्यवस्था
अबरार अहमद प्रबंधक

SETH CHHOTEYLAL ACADEMY
Aundera Road, Rath, Hamirpur, U.P. 210431
CBSE BOARD EXAM RESULT 2024-25
Congratulations Students
CLASS X STUDENTS
CLASS XII STUDENTS
"IIT - Dhanbad (Computer Science)"
JEE - ADVANCE 2025 CHAMPIONS
We are Proud of our Students.

Indus Valley Public School, Rath
(A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE)
Mr. VIJAY BAHADUR SINGH PATRON
Mr. VISHAL SINGH CHAIRMAN
इण्डस वैली परिवार की तरफ से आप सभी को 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं।
Plot No. 73, Kumhariya, Orai Road, Rath-210431 www.ivpsrath.com Contact to- 9792393777, 7992031180





15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सभी शिक्षकों, अभिभावकों, बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
महारानी लक्ष्मीबाई शिक्षा संस्थान
मल्हौंवा रोड, दीनदयाल पैलेस, राठ
दैनिक/आवासीय
शहजाद सर प्रधानाचार्य
वीरेंद्र राजपूत संचालक

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर सभी नागरिकों, टीचर्स, बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं
मां शारदा बालिका इंटर कालेज
रामलीला मैदान, राठ
वीरनारायण बुधौलिया अध्यक्ष
मनोज बुधौलिया, बउआ महराज प्रबंधक
कल्पना शर्मा प्रधानाचार्य

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर सभी नागरिकों, टीचर्स बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं
सवित्रीबाई फुले विद्या मंदिर
फरसौलियाना, राठ
हिंदी/अंग्रेजी माध्यम
शिक्षण की उत्तम व्यवस्था
शिवकुमार प्रबंधक
हिम्मत सिंह प्रधानाचार्य
समस्त स्टाफ सावित्रीबाई फुले, राठ

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सभी जनपद के नागरिकों को हार्दिक बधाई
करीम मुहम्मद (सप्पू भाई) सांसद प्रतिनिधि, राठ, प्रांतीय सदस्य उ0प्र0 उद्योग व्यापार मंडल गुलाब गार्डन मल्हौवा रोड, राठ-हमीरपुर
अजेंद्र सिंह लोधी सांसद हमीरपुर महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर।** पुरानी रंजिश में चार युवकों ने युवक की बेरहमी से पिटाई की। पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्ला निवासी कमलेश कुमारी ने बताया कि पति रामपाल प्रजापति बुधवार शाम 8 बजे के करीब शौच क्रिया कर घर आ रहे थे। तभी वहां तालाब किनारे होरीलाल श्यामलाल पुत्र कुंवर बहादुर, दाऊ, खैरा पुत्र नंदू शराब पी रहे थे। पुरानी रंजिश में चारों अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर डंडे से मारपीट कर घायल दिया। बचाव करने गई देवरानी उषा देवी के साथ मारपीट की। पुलिस ने छानी सीएचसी में डॉक्टरी परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर चारों युवकों की तलाश की जा रही है।

### गाय से टकराने पर बाइक सवार घायल

**राठ।** सरीला तहसील क्षेत्र के बरहारा गांव का निवासी हरीसिंह (60) पुत्र रामचरन जो कि अपने गांव बरहारा से कस्बा आ रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव के पास अचानक उसकी बाइक गाय से टकरा गई। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार व्यक्ति हरीसिंह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### धूमधाम से मनाई गई बलदाऊ की जयंती

**हमीरपुर।** भगवान बलराम उर्फ बलदाऊ की जयंती हलछठ के रूप में घर-घर मनाई गई। इस मौके पर उन्हें भुने हुए अन्न के साथ फल मेवा आदि का भोग लगाकर पूजन करके परिवार के साथ पुत्रों की दीर्घायु होने की कामना की गई। भगवान श्री कृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम उर्फ बलदाऊ की जयंती की हलछठ के रूप में मनाने की परंपरा है। परंपरानुसार गुरुवार को हलछठ घर-घर में श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर दीवाल में प्रतीकात्मक चित्र बनाकर भुने हुए अन्न, मेवा, मिष्ठान, फल आदि से पूजन करके सुख समृद्धि की कामना की। बिवांर प्रतिनिधि के अनुसार गुरुवार को हलछठ पर्व पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रख कर घरों में हलषष्ठी की प्रतिमा बनाकर भूने चना, छुहारा, मखाना, किशमिश फल के साथ पूजा अर्चना की। अपने पुत्र के सुख समृद्धि दीर्घायु की मनोकामना की है।

### तीजा मेला में होगी कार्यक्रमों की धूम

**सुमेरपुर।** नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कस्बे के ऐतिहासिक तीजा महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला इस वर्ष 26 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त को संपन्न होगा। नगर पंचायत की ओर से कस्बे के रामलीला में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने सभासदों के साथ बैठक करके कार्यक्रमों को अंतिम रूप प्रदान करके तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को शोभायात्रा के उपरांत रात्रि में कानपुर के आर्केस्ट्रा कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 27 अगस्त को दिन में मशहूर आल्हा गायक आल्हा गायन करेंगे। 27 की रात्रि में छतरपुर के बुंदेली कलाकार लोकगीत राई नृत्य आदि प्रस्तुत करेंगे। बैठक में सभासद गोपाल बजाज, अनीस बाल्मिक, राधे शुक्ला, सुमित वर्मा, रामकिशोर सैनी, कुलदीप सिंह, जितेन्द्र सोनी, पवन साहू, रमेश सोनी आदि सभासद मौजूद रहे। संचालन ईओ दिनेश आर्य ने किया।

### बृजेंद्र लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा हमीरपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन/निर्वाचन जिलाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद पटेल के पर्यवेक्षण व देखरेख में सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। संघ के जिला मंत्री डा. प्रदत्त कुमार ने बताया कि तहसील अध्यक्ष बृजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य द्विवेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश सिंह, तहसील मंत्री अशोक कुमार, तहसील उपमंत्री मोहम्मद अकरम, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर भारती, आडिटर मिथलेश कुमार को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस निर्वाचन प्रक्रिया को प्रथम निर्वाचन अधिकारी राजकुमार, द्वितीय निर्वाचन अधिकारी कमलेश चतुर्वेदी व निर्वाचन पर्यवेक्षक दिलीप पाठक की देखरेख में संपन्न कराया गया।

## आजादी के जश्न में तिरंगा यात्रा की धूम




### संविधान एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ

कुरारा विकास खंड क्षेत्र के चंदूपुर ग्राम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने संविधान एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। विकास खंड क्षेत्र के चंदूपुर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय में झंडा रोहण किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल ने ग्रामीणों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। संविधान एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत मित्र, रोजगार सेवक सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। • अमृत विचार

### तिरंगा यात्रा में दिखा युवा शक्ति का खासा जोश

**मौदहा।** स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले गुरुवार को कस्बे में तिरंगा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में युवा शक्ति का जोश देखने को मिला। कस्बे की बड़ी देवी मंदिर से एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और भारतीय जनता पार्टी ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा बड़ी देवी मंदिर से गांधी इंटर कॉलेज, बंशनाला, तहसील रोड, मलीकुआं चौराहा, पानी की टंकी, कोतवाली गेट होते हुए तिकुनिया पार्क में मां भारती की वंदना और आरती के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान युवा शक्ति का जोश देखने लायक था। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के ओत-प्रोत जयकारे गूंजते रहे।




### ग्राम सचिवालयों में फहराया गया तिरंगा

गोहांड विकासखंड की ग्राम पंचायतों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के प्रधान एवं सचिव के नेतृत्व में हर-घर तिरंगा कार्यक्रम पर सभी ग्राम पंचायतों में तिरंगा फहराकर आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों, समूह की महिलाओं को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनूप कुमार शर्मा ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए विकासखंड में 25000 तिरंगा झंडों की व्यवस्था की गई है। जिसमें पंचायत सहायक, सफाई कर्मी एवं सचिव द्वारा हर घर तिरंगा वितरित किया जा रहे हैं। • अमृत विचार

### व्यापारियों व छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**राठ।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उप्र नगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों एवं ब्रह्मानंद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं, एनसीसी कैडेटों और स्काउट गाइड के बच्चों ने कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली। भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत उप्र नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों व्यापारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर पद यात्रा निकाली। उरई बस स्टैंड़ के पास से यात्रा का शुभारंभ हुआ। तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौराहा, बजरिया, रामलीला मैदान से होते हुए वापस पहुंची। यात्रा के दौरान व्यापारी भारत माता की जय जैसे जोशीले नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान अनेक व्यापारी मौजूद रहे। वहीं कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह और एनसीसी के मेजर डा.अतुल कुमार शुक्ला के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा यात्रा स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के प्रेरणा स्थल से प्रारंभ होकर रोडवेज, रानी लक्ष्मीबाई चौराहे से होती हुई पुन: वापस महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र छात्राएं अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद एवं स्वामी जी अमर रहे के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में डा.बलवंत सिंह, डा.विनोद कुमार पांडेय, डा.के राम, डॉ.राम सुभग सिंह, डा.दशरथ सिंह, डा.आरपी सिंह, डा.उमाकांत सिंह, डा.अनुराग दुबे, डा.अमित बिसेन, डॉ.दुर्गेश कुमार, डा.ज्योतिर्मिय साहू, डा.सतेंद्र अग्रवाल, डॉ.आरवी शर्मा, डॉ.प्रशांत अग्रवाल, डा.शीला सिंह, डा.कमलेश राजपूत, शिल्पा सिंह समेत सभी छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी रहे। इस दौरान प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र सिंह ने हर घर तिरंगा फहराने के महत्व एवं सभी से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की अपील की।

# 21,933 महिलाओं ने मानव श्रृंखला बना रिकॉर्ड बनाया

## यमुना तटबंध पर मानव श्रृंखला संग तिरंगा रैली का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मानव श्रृंखला में भाग लेने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ जुटी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के तृतीय चरण में गुरुवार प्रातः 8 बजे से यमुना तटबंध पर महिलाओं की मानव श्रृंखला एवं तिरंगा रैली आयोजित की गई, जिसमें 21,933 महिलाओं ने भाग लेकर राष्ट्र प्रेम की मिसाल पेश करते हुए रिकॉर्ड कायम किया।

गुरुवार को प्रातः से ही सड़कों पर भारत माता के जयकारे के साथ जिला मुख्यालय के यमुना पथ पर महिलाओं का समूह दिखने लगा। यमुना पाथ-वे के प्रारंभ स्थल तिरंगा चबूतरे से लेकर कल्पवृक्ष से होते हुए पातालेश्वर मंदिर तक हाथों में तिरंगा व सिर पर तिरंगा टोपी लगाए मानव श्रृंखला बनाई गई और देश व तिरंगे के सम्मान में भारत माता के पुत्र के रूप में आस्था व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने तिरंगा की शान में संविधान की प्रस्तावना शपथ एवं स्वच्छता शपथ भी कराई।

इसके बाद तिरंगा रैली के रूप में भारत माता की जय के उद्घोष के साथ सभी को रवाना किया गया। इस मौके एडीएम (वि./रा.) विजय शंकर तिवारी, एडीएम (न्यायिक) रिजवाना साहिल, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, चेयरमैन कुलदीप निषाद, बीएसए आलोक सिंह, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार, डीपीओ शैलेंद्र सिंह सहित प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी सहित अन्य विभिन्न विभागों की महिलाएं पुरुष आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया रूट मार्च

**मौदहा।** इस समय चल रहे त्योहार चेहल्लुम, जन्माष्टमी और राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे की मुख्य सड़कों में रूट मार्च किया और इमाम चौक जाकर व्यवस्था देखी और लोगों से बातचीत की।

इस समय चल रहे त्योहारों के सीजन और राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के साथ ही सनातन धर्म का पवित्र त्योहार जन्माष्टमी, मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार चेहल्लुम को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने अपने मातहतों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों में रूट मार्च किया और उपरौस इमाम चौक जाकर व्यवस्था देखी। इतना ही नहीं पुलिस अधीक्षक ने गणमान्य लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया और सभी से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कलेक्ट्रेट में लगी चित्र प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



कलेक्ट्रेट में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित चित्र/ अभिलेख प्रदर्शनी का जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर चित्र/अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन करते हुए जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन के प्राण न्यौछावर करने पड़े, ऐसे लोगों की स्मृति में आज के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी, ऐसे समय पर देश का दो टुकड़ों में बंट जाने का दर्द लाखों परिवारों में एक गहरे जख्म की तरह घर कर गया था। 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' हमें न सिर्फ भेदभाव, वैमनस्य एवं दुर्भावना को खत्म करने की याद दिलाता है। बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की प्रेरणा भी मिलती है। इस त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर, सूचना अधिकारी सतीश कुमार मौजूद रहे।



किसानों को झंडा वितरित करते ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल। अमृत विचार

# कृषक प्रशिक्षण में झंडा वितरण कार्यक्रम हुआ

**कुरारा।** विकासखंड के सभागार में सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम कराया गया। जिसमें किसानों को धान व अरहर की फसलों में कीट पतंग से बचाने के उपाय बताएं।

विकासखंड के सभागार में बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल की अध्यक्षता मे सब मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं तिरंगा झंडा वितरण कार्यक्रम कराया गया जिसमे कृषि वैज्ञानिक शालिनी सिंह किसानों को धान व अरहर की फसलों मे कीट पतंग से बचाव के उपायों के बारे जानकारी देकर जागरूक किया। कीट पतंग लगने से किसान समय से फसलों मे दवा का छिड़काव करें। वही किसानों को ब्लॉक प्रमुख ने तिरंगा झंडा वितरित किए। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डा.शालिनी, सुरेश, सन्दीप सिंह, मनीष सिंह एवं किसान मोखम पतारा, राघवेंद्र, धर्मेंद्र पडूई सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### ऑटो पलटने से पांच लोग घायल

**सुमेरपुर।** बांदा रोड पर इसुली गांव के पास तेज रफ्तार ऑटो सामने से आ रहे वाहन को ओवरटेक करते समय सड़क निर्माण के लिए डाली गई गिट्टी में पहिया चढ़ जाने से पलट गया। इस हादसे में चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। इनमें तीन लोगों को अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर मां बेटी को सदर अस्पताल भेजा गया है।

गुरुवार को कस्बे से सवारियां लेकर जसपुरा जा रहा तेज रफ्तार ऑटो इसूली गांव के पास सामने से आ रहे वाहन को ओवरटेक करते समय निर्माण सामग्री में पिछला पहिया चढ़ गया जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो चालक कुरारा थानाक्षेत्र के भौली गगन तिवारी (29), टेढ़ा निवासी खुशबू (30) पत्नी लल्लू एवं उसकी निष्ठा (6) सहित दो अन्य लोग घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने गगन तिवारी, खुशबू, निष्ठा को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर खुशबू एवं निष्ठा को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

दर्द बांटा | कुरारा ब्लाक के आधा दर्जन गांवों में राहत सामग्री बांटी

# सपा ने बाढ़ पीड़ितों बांटी सामग्री

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करते सपाई। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सपा की ओर से बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने का सिलिसला जारी है। बुधवार और गुरुवार को जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में कुरारा विकासखंड के बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री का वितरण किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने बताया कि यमुना बेतवा नदी की बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री सपा मुखिया द्वारा मुहैया कराई गई है। जिसका वितरण घर घर जाकर किया जा रहा है। बुधवार को कुरारा विकासखंड के पतारा, गिमुहा, क्योटरा डेरा सहित मौदहा के पढोरी, नई दिल्ली आदि गांवों में पहुंचकर राहत सामग्री वितरण की गई। गुरुवार को मुख्यालय के मेरापुर, भिलावां, डिग्गी, केसरिया डेरा में बाढ़ पीडितों को राहत सामग्री वितरित की गयी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष के साथ शुभकरन सिंह परिहार, मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष लालता सिंह खंगार, बीटू यादव, जुनैद खान, अभय प्रताप सिंह, तरवेज खान, हरनरायन निषाद, राजेश श्रीवास, लाला प्रधान, राघवेन्द्र यादव लकी, रिजवान खान, सैयद उमर, युगांक मिश्रा, बीटू यादव, सूर्य प्रताप यादव, देवेश निषाद, जगमोहन यादव, मोहम्मद जुनैद, लालाराम यादव, विकास यादव आदि मौजूद रहे।







## सचिवों को दी सहकारिता और उर्वरकों की जानकारी

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनपद की सभी सरकारी समितियों के सचिव, एडीओ सहकारिता, एडीसीओ सहकारिता आदि मौजूद रहे। जिला प्रबंधक पीसीएफ रंजीत कुमार मौर्य, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजेंद्र कुमार, उप क्षेत्र प्रबंधक राजवीर सिंह ,एमडीओ इफको अजय कुमार यादव, एसएफए हॉटस्पॉट आदित्य कुमार पटेल ने लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दीं। समिति सचिवों को इफको नैनो उर्वरकों की प्रयोग विधि बताई एवं इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। सहायक आयुक्त ने सचिवों को शासन के निर्देशों के अनुसार उर्वरकों एवं नैनो उर्वरकों की बिक्री करने के निर्देश दिए। क्षेत्र प्रबंधक इफको प्रयागराज अक्षय पांडेय ने समितियों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा कि समितियां केवल यूरिया, डीएपी उर्वरकों का व्यवसाय ना कर अन्य कृषि रसायन जैसे कीटनाशक, खरपतवार नाशक, आदि का भी विक्रय करें तो समितियों को लाभ में वृद्धि होगी एवं किसानों को अच्छी गुणवत्ता के इफको एम सी उत्पाद प्राप्त हो सकेंगे एवं बाजार में बिकने वाले नकली कीटनाशकों से किसानों को निजात मिलेगी। नैनो उर्वरकों को प्रयोग करने से खेती की लागत घटती है,उपज में बढ़ोतरी होती है एवं पर्यावरण भी सुरक्षित होता है। इससे उर्वरक के लिए देश की निर्भरता दूसरे देशों पर भी कम होती है जिससे देश के आत्म सम्मान में भी वृद्धि होती है अतः यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि किसानों को सही प्रयोग विधि बताकर नैनों उर्वरकों की बिक्री बढ़ाई जाए।

## शिविर लगाकर किया मवेशियों का इलाज

**चित्रकूट।** कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां और पशु चिकित्सालय रैपुरवा व पहाड़ी के संयुक्त तत्वाधान में बरहट और भुजौली गांवों में पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। केंद्र प्रमुख डा. राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गांवों में हुई बैठक के दौरान उन्होंने पाया था कि पशुओं में खुरपका और मुंहपका रोग फैल रहा है। इसके मद्देनजर ये शिविर लगाए गए। इस दौरान पशुओं का टीकाकरण किया गया और बीमार पशुओं का इलाज किया। पशुपालकों को रोग की पहचान और बचाव की जानकारी दी। किसानों को बताया कि यह संक्रामक रोग है। इसमें बीमार पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखना चाहिए। आसपास के क्षेत्र को साफ रखना चाहिए और कीटनाशक का छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा पशुओं को पौष्टिक आहार और साफ पानी देना चाहिए। इस मौके पर डा. दीपेश भारत मिश्रा, सुरेश यादव, अभय शुक्ला, रामभरोसे वर्मा, आलोक, धर्मेंद्र, राकेश रहे।

## किशोरों को नशे से दूर रहने की दी प्रेरणा

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरुवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में विशेष जागरूकता शिविर लगा। इसमें किशोर संवासियों को नशीली दवाओं, धूम्रपान से दूर रहने की प्रेरणा दी गई और नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई। योगाचार्य संजय कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान, उपचार और पुनर्वास सेवाएं चलाई जा रही हैं। सहायक अधीक्षक वीर सिंह, परामर्शदाता दीपक शर्मा ने भी किशोरों को नशे से दूर रहने की सलाह दी, इस दौरान शिवम, संजय कुमार, देवीदयाल, अक्षय कुमार आदि के साथ किशोर संवासी मौजूद रहे।












न्यूज ब्रीफ

## पुलिस ने दुराचार के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** थाना बहिलपुरवा थाने के एसआई राहुल कुमार पांडेय ने दुराचार और एससी एसटी एक्ट में वांछित राजेश पटेल उर्फ अभिषेक पुत्र राकेश निवासी मड़ैयन को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी विजय पटेल और मुख्य आरक्षी सज्जन सिंह शामिल रहे।

## चुनाव आयोग के खिलाफ निकाला जुलूस

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अगुवाई में कांग्रेसियों गुरुवार को मशाल जुलूस निकाला। यह कचहरी पार्क से शुरू होकर ट्रैफिक चौराहा होते हुए पटेल तिराहे में समाप्त हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। चुनाव आयोग और भाजपा की जुगलबंदी का पर्दाफाश करके रहेंगे। रंजना पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता कर चुनाव आयोग की पोल खोल रही तो उनको नोटिस तुरंत आ गई। इस मौके पर अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, नरबेश सचान सविता पाल, चुनबाद प्रसाद एडवोकेट, भीष्म सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्मृति दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**चित्रकूट।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को टाउन हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने इतिहास से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। उपनिदेशक पर्यटन आर रावत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हलछठ व्रत रख पुत्रों की दीर्घायु की कामना

**चित्रकूट।** मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर महिलाओं ने गुरुवार को भाद्रपद मास की छठ पर हलषष्ठी (हलछठ) पर व्रत रखकर पुत्रों की दीर्घायु की कामना की। भगवान बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। भाद्रपद मास की छठ पर महिलाएं अपने पुत्र की दीर्घायु के लिए समूह बनाकर पूजा करती हैं। राजापुर संवाददाता के अनुसार, कस्बे और गांवों में पूरी श्रद्धा के साथ महिलाओं ने व्रत रखा।

# ...अब यादों में रहेगी 1857 की क्रांति की धरोहर

## मऊ की ऐतिहासिक इमारत ध्वस्त, बनेगा उप निबंधक कार्यालय, बड़े बुजुर्गों ने जताया ऐतराज

**अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ चित्रकूट**



मऊ तहसील की पुरानी फोटो। अमृत विचार



अब यह हाल हो गया है वहां का। अमृत विचार

अमृत विचार : जिस धरोहर के चलते मऊ क्षेत्र का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज था उसी जगह पर अब उप निबंधक कार्यालय बनाया जाएगा। इस तरह यह महान ऐतिहासिक इमारत और यहां से जुड़ी तमाम देशप्रेम की यादें सिर्फ लोगों के जेहन में रह जाएंगी। ताज्जुब की बात है कि वैचारिक बुद्धिजीविता के लिए पूरे क्षेत्र में जाने, जाने वाले मऊ के लोगों ने इस बड़ी घटना को बेहद ही सामान्य रूप से लिया है।

कस्बा के बीचोंबीच दशकों से उपेक्षित रही पुरानी तहसील 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का जीवंत उदाहरण थी। मऊ के संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान रहे साहित्य रत्न स्व. आचार्य जगतपाल त्रिपाठी ने अपनी डायरी में प्रमाणित दस्तावेजों के हवाले से लिखा था कि तब के बांदा जनपद के अंतर्गत मऊ तहसील आती थी। 8 जून 1857 को क्रांतिकारियों ने इसी मऊ तहसील पर आक्रमण कर 1200 रुपयों की लूट की थी। इसी मामले में बाद में अंग्रेजों ने क्रांतिकारियों को पकड़ कर मऊ तहसील के उत्तर में स्थित मशीना बगीचा में स्थित गूलर के पेड़ पर फांसी दे दी थी। उस समय बांदा का कलेक्टर मिस्टर मेयनी हुआ करते थे।

**क्या कहते हैं दस्तावेज:** सप्लीमेंट टू द लंदन गजेटियर 18 अप्रैल 1859 में तत्कालीन बांदा कलेक्टर मिस्टर मेयनी का कर्वी पेशवा के सलाहकार राधागोविंद के बारे में जिक्र है। गजेटियर में इस बात का भी जिक्र है कि राधागोविंद ने मऊ से कर्वी क्षेत्र में अंग्रेजों के नाक में दम कर रखा था। बांदा गजेटियर के अनुसार, 8 जून 1957 को इलाहाबाद सेंट्रल जेल से फरार विद्रोही यमुना के रास्ते मऊ आए, जहां उन्होंने यहां के स्थानीय जमींदार एवं अन्य लोगों को ब्रितानिया शासन के खिलाफ क्रांति के लिए जगाया था। स्थानीय लोगों के तगड़े विरोध के चलते मऊ तहसील में जमकर लूटपाट हुई। जरूरी दस्तावेजों को आग के हवाले कर दिया गया और तहसील परिसर में ही पांच अंग्रेजों को फांसी दे दी गई। नौ जून को क्रांतिकारी बांदा के बबेरू तहसील की ओर मुड़ गए। बाद में अंग्रेजों ने मऊ के मशीना बगीचा में स्थित गूलर के पेड़ व आनंदी माता मंदिर के पास नीम के पेड़ एवं तहसील भवन में तमाम क्रांतिकारियों को फांसी पर लटका दिया था एवं तहसील भवन के सामने थाना परिसर में सैकड़ो लोगों को कठोर यातनाएं दी गई थीं।

### पेशवा के वंशज ने दी अहम जानकारी

- **चित्रकूट।** पेशवा वंशज कर्वी के वर्तमान पेशवा श्रीमंत प्रभाकर नारायण राव बताते हैं कि मऊ तहसील 1857 की क्रांति का एक अहम गवाह स्थल रहा है। श्रीमंत दस्तावेजों के हवाले से बताते हैं कि 1857 में पेशवा के करीबी राधागोविंद के नेतृत्व में मऊ तहसील में हमला हुआ था। मऊ के वीर योद्धाओं के बारे में श्रीमंत बताते हैं कि मानिकपुर जिनके नाम पर बना है, ऐसे वीर योद्धा मानिक गोविंद की सहायता के लिए मऊ से 200 वीर योद्धा लड़ाई के लिए मानिकपुर गए थे। यहां तरौंहा के किले में अंग्रेजों की विशाल सेना से ये योद्धा लड़े थे। अंग्रेजी इतिहासकार बर्न विले इस लड़ाई को दस सबसे खूंखार लड़ाइयों में गिनते हैं। वही श्रीमंत कहते हैं कि पुरानी तहसील गौरवशाली इतिहास की विरासत थी, जिसे धराशायी किया जाना बेहद निराशाजनक है।

### तहसील परिसर में बनेगा उपनिबंधक कार्यालय

- **चित्रकूट।** एआईजी स्टांप रामसुंदर यादव ने बताया कि मऊ की पुरानी तहसील को धराशायी कर वहां पर 2 करोड़ 16 लाख की लागत से उप निबंधक कार्यालय बनाया जाएगा। उप निबंधक कार्यालय अभी तक ब्लॉक में संचालित हो रहा था। जब उनसे इसकी ऐतिहासिकता के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी उनके संज्ञान में नहीं है।

## दिव्यांग पर लगा बच्चे के अपहरण का आरोप

**कार्यालय संवाददाता चित्रकूट**

**अमृत विचार।** एक बच्चे के परिजनों ने दिव्यांग पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को मछली मंडी भैरोपागा निवासी छक्की लाल ने कोतवाली में बताया कि सुबह लगभग छह बजे उसके ढाई साल के बेटे कार्तिक को घर के बाहर खेलते समय एक युवक ने अपहरण कर लिया। जब वह घर पहुंचा तो इसकी जानकारी पड़ोसी ने दी और बताया कि वह बच्चे को मंडी की ओर लेकर भागा है। बाद में सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को बच्चे के साथ पकड़ लिया गया। आरोपी ने अपना नाम रितेश कुमार पुत्र राममिलन निषाद निवासी जगदेव दास के अखाड़े के सामने बताया। आरोपी को वह कोतवाली लेकर आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी से पूछतांछ शुरू की। बताया जाता है कि इस दौरान लोगों ने आरोपी दिव्यांग से मारपीट भी की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अपनी ट्राइसाइकिल में बच्चे को ले जा रहा था। प्रथमदृष्टया इस पर अपहरण का मामला बनता है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को किया नमन

**संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट**

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने विभाजन विभीषिका दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अगुवाई में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं यात्रा में उत्साह के साथ शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामोदय विवि में पिछले दिनों से कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। कैंपस की दीवारों को सजाया गया है। वहीं तिरंगा यात्रा निकाल कर शहीदों को नमन किया गया।

## सदर विधायक ने विस में रखीं जिले की समस्याएं

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने गुरुवार को विधानसभा में जिले की कई समस्याओं को रखा। उन्होंने जिले में खाद की किल्लत दूर करने की मांग की। बताया कि संयुक्त जिला अस्पताल और खोह का मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय रिफर सेंटर बनकर रह गया है। आरोप लगाया कि यहां बिना पैसा दिए कोई आपरेशन नहीं होता है। बताया कि विद्युत आपूर्ति की हालत खस्ताहाल है। ट्रांसफार्मर बदलने में 10 से 15 दिन लग रहे हैं। अधिकारी जनता की सुन नहीं रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा नाम श्रीमती रूमी सिद्दकी था जिसे मैंने शादी उपरान्त बदलकर रूमीना शेख (RUMEENA SHEIKH) कर लिया है। अतः मुझे रूमीना शेख (RUMEENA SHEIKH) के नाम से जाना व पहचाना जाय। **रूमीना शेख पत्नी मोहम्मद फरीद, भवन संख्या 295/03, दीनदयाल रोड, अर्शरफाबाद, लखनऊ 226003 उ0प्र0**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा **ज्योति कुमारी पुत्री शिव बालक निवासी– 551 सी0एच0एच0 नया सरदारी खेड़ा आलमबाग, लखनऊ,** मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 0972337 वर्ष 2008, इण्टरमीडिएट–0503140 वर्ष 2010 तथा बी0ए0 तृतीय वर्ष 1110580166 वर्ष 2013 का अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस UP33 20040001869 में मेरा नाम नूर मोहम्मद पूत्र गुलशेर अंकित है जो गलत है। आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों के हिसाब से ड्राइविंग लाइसेंस में सही नाम नूर हसन पुत्र गुलशेर खां होना चाहिए। **नूर हसन पुत्र गुलशेर खां निवासी उसरु, लालगंज, जनपद रायबरेली 229202**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रौनक श्रीवास्तव के हाई स्कूल के अंक पत्र/ प्रमाण पत्र में मेरा नाम गलती से अरुणा कुमारी श्रीवास्तव लिख गया है जो की गलत है जबकि मेरा सही नाम मुन्नी कुमारी श्रीवास्तव है मुन्नी कुमारी श्रीवास्तव और अरुणा कुमारी श्रीवास्तव दोनों मेरे हीं नाम है। **मुन्नी कुमारी श्रीवास्तव पत्नी रूपेश कुमार मकान नंबर –20/379, एकता नगर कालोनी नियर गैलेक्सी हास्पिटल अहिमामऊ लखनऊ –226002**

**बेदखली सूचना**
मैं **राकेश कुमार वर्मा पुत्र स्व0 पुत्तूलाल वर्मा आधार कार्ड नं0 873758208791 व श्रीमती राज कुमारी वर्मा पत्नी श्री राकेश कुमार वर्मा आधार कार्ड नं0 532897335988 हम दोनों पति–पत्नी निवासीगण पोस्ट मुंशीगंज, हाउस नं0 75, लाल बिहार, लक्ष्मनपुरी कालोनी, नवाबगंज, कोतवाली – बाराबंकी, जिला – बाराबंकी, 225001, उ0 प्र0** के रहने वाले हैं। हम दोनों पति–पत्नी अपने पूरे होश हवास में रहकर, अपना भला– बुरा समझते हुए अपने सबसे बड़े पुत्र संजय सिंह एवं उनकी पत्नी शिवा अग्रवाल को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं।

**सूचना**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अंशिका राय की जन्मतिथि 7/10/2007 है जो की वास्तविक है और जन्म प्रमाण पत्र संख्या B20250991807000 5737 में भी दर्ज है जबकि उसके आधार संख्या 298513842919 में 07/10/2006 दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री अंशिका राय की वास्तविक जन्मतिथि 7.10.2007 ही जानी जाए और इसे ही सही माना जाए। **मृदुल कुमार राय 0364 नई बस्ती मर्दन खेड़ा लखनऊ**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र रवीकांत व उसकी पत्नी सोनी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगें– **मुन्नीलाल पुत्र नेतराम निवासी – रुरुखुर्द सराय महाजनान – पोस्ट रुरुगंज–थाना बिधूना–तहसील– बिधूना– जिला –औरैया।**



## न्यूज ब्रीफ

### बीमारी के चलते पति ने पत्नी को निकाला

**महोबा।** थाना श्रीनगर के सिजवहा गांव में बीमारी के चलते पति ने अपनी 20 साल की पत्नी का इलाज कराने के बजाय उसे घर से ही निकाल दिया। पत्नी को दरदर भटकने के लिए पति द्वारा छोड़ दिया गया। खबर मिलने पर उसके परिजन युवती को अपने घर ले गए। सिजवहा गांव निवासी आरती 20 कुछ समय से बीमार चल रही थी। लेकिन पति ने उसका कोई इलाज नही कराया, और घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। सूचना पर पहुंची मां हीराबाई अब उसका जिला अस्पताल में इलाज करा रही है। पीड़िता का कहना है कि उसने पति के उत्पीड़न की शिकायत कोतवाली में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई।

### 18 और 19 को भर्ती मेले का आयोजन

**महोबा।** रोडवेज डिपो में 18 और 19 अगस्त को संविदा चालक भर्ती मेला का आयोजन किया जाएगा। जहां पर दो चरणों में संविदा चालकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रोडवेज महोबा के सहायक संभागीय प्रबंधक डीके चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निर्देश पर संविदा चालकों की भर्ती अनुबंध के आधार पर होगी। उन्होंने बताया कि संविदा चालकों की भर्ती के लिए विभागीय स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि संविदा भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाएगी। भर्ती दो चरणों में आयोजित होगी।



कजली महोत्सव के रंग मंच पर गीत सुनाती मैथिली ठाकुर। अमृत विचार



महोत्सव में आल्हा गायन प्रस्तुत करते गायक कलाकार। अमृत विचार

# मैथिली ठाकुर के गीतों पर झूमी आल्हा नगरी

## जिला विकास एवं संरक्षण समिति के मंच पर भजनों की धूम, बुन्देली कलाकरों ने भी बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचारः** उत्तर भारत के मशहूर ऐतिहासिक कजली महोत्सव में इस साल जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के विशेष रुचि लेने से महोत्सव की रंगत ही बदल गई है। एक से एक नामी गिरामी कलाकार, सिंगर, कवियों के अलावा राष्ट्रीय स्तर के कलाकार आल्हा ऊदल की धरती में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। इतना ही नही जिलाधिकारी स्वयं देर रात तक कजली महोत्सव के कार्यक्रमों में समय दे रही है। जिससे अधिकारी भी रात मे डटे रहते है। यही वजह है कि जिला विकास एंव संरक्षण समिति के तत्वावधान में होने वाले गीत संगीत के कार्यक्रम एक अलग छाप छोड़ रहे है। कजली महोत्सव की चैथी शाम सुंदर गीत और भजन गायिका मैथिली ठाकुर के नाम रही।



कार्यक्रम को सुनने के लिए बैठक अधिकारी और नागरिक। अमृत विचार

मंच पर मैथिली ठाकुर के आते ही दर्शकों ने उनका जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। इसके बाद मैथिली ठाकुर ने हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, झूले राजा रानियां जाके भरे पानियां। गीत से शुरूआत की। इसके बाद मैथिली ठाकुर द्वारा हो लाल मेरी पट रखियो बल झूले लालन, लाल मेरी पट रखियो बल झूले लालन सिन्ध्ड़ी दा सेहवन दा सखी शाबाज़ कलंदर दमा दम मस्त कलंदर, अली दा पहला नंबर दमा दम मस्त कलंदर, सखी शाबाज़ कलंदर। कव्वाली गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कव्वाली पर दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी। गीत संगीत का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा, जिसका दर्शकों ने आनंद लिया। अंत में जिलाधिकारी ने भजन गायिका को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।

इसी मंच पर महोबा के युवा आल्हा गायकों द्वारा नए अंदाज में आल्हा गायन की प्रस्तुति देकर लोगों का खूब मनोरंजन कराया। इतना ही नही मंच स्थल पर तमाम दूर दराज से आए लोगों को जगह न मिल पाने के कारण ग्रामीणों ने मंच स्थल के बाहर बैठकर आल्हा गायन का लुत्फ उठाया। आल्हा गायकों ने आल्हा गायन की पंक्तियां सुनाई, बारह बरस लै कूकर जीवै, अरु तेरह लै जियै सियार। बरस अठारह क्षत्री जीवै, आगे जीवै को धिक्कार सुनाकर बुंदेलियों में जोश भर दिया। आल्हा गायन के दौरान ग्रामीण खूब उछलते दिखाई दिए।

# जीजीआईसी की छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- विभाजन दिवस पर हर घर और हर घाट तिरंगा कार्यक्रम संपन्न
- कुलपहाड़ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाली यात्रा

**अमृत विचारः** विभाजन दिवस के अवसर पर जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला गंगा समिति की ओर से किया गया।

कार्यक्रम के बाद छात्राओं की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं के अलावा शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्राएं वंदे मातरम के नारे लगाते हुए चल रही थीं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी राजू श्रीवास, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे यशराज आनंद, रामबाबू कुशवाहा, और वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुलपहाड़ प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली, जो किशोर गोस्वामी महाविद्यालय सुगिरा रोड से शुरू होकर किशोरगंज, टौरियापुरा, बस स्टैंड, बाजार, पुरानी तहसील रोड से होते हुए मेला ग्राउंड पहुंची। जहां राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा के दौरान देश भक्ति के जयकारे गूंजते रहे। लोगों से घरों मं झंडा लगाने की अपील की गई। तिरंगा यात्रा में चेयरमैन वैभव अरजरिया, रूपाली तिवारी, मंडल अध्यक्ष माधव कुशवहा, डा. कमलेश सक्सेना, मोहित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा निकालती जीजीआईसी की छात्राएं। अमृत विचार

# पॉक्सो एक्ट में दोषी अभियुक्त को 5 साल का सश्रम कारावास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कबरई क्षेत्र के एक गांव में 15 जून 2021 को हुई थी घटना
- भाई के पहुंचने पर बची थी बच्ची की इज्जत, भागा था आरोपी

**अमृत विचारः** अपर जिला सत्र न्यायाधीश एंव विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) संदीप चैहान ने पॉक्सो अधिनियम में दोष सिद्ध हो जाने पर एक युवक को पांच साल सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अदालत ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10 वर्षीय बालिका 15 जून 2021 को गांव के कजरा प्रजापति के घर शादी के निमंत्रण में खाना खाने गई थी। शादी समारोह में खाना खाने के बाद वह अपने मोहल्ले के ही रहने वाले लुटेरा प्रजापति के पुत्र दाऊ प्रजापति के साथ घर लौट रही थी। घर लौटते समय रास्ते में लाडू तालाब के पास दाऊ उर्फ नंदलाल की नीयत खराब हो गई और वह बालिका के साथ अश्लील हरकतें करने लगा।



अश्लील हरकतों को भांपकर बालिका शोर मचाने लगी। इसी दौरान शादी समारोह में ही निमंत्रण में खाना खाने जा रहे बालिका के भाई लाल ने आवाज सुनी तो उसने ललकारा और बहन को बचाने के लिए दौड़ा। भाई को आता देख दाऊ मौके से भाग निकला।

भागते समय आरोपी दाऊ उर्फनंदलाल का मोबाइल फोन और कपड़े मौके पर ही गिर गए। भाई बालिका को लेकर घर पहुंचा तो उसने पूरी बात परिजनों को बताई। पीड़िता की मां ने कबरई थाने में दाऊ के खिलाफ 16 जून 2021 को मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

न्यायाधीश ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें और बहस सुनने के बाद दाऊ उर्फ नंदलाल को छेड़खानी करने और पॉक्सो अधिनियम का दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। इस मुकदमे की सरकार पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि छोड़खानी के मामले में तीन साल की सजा और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पॉक्सो अधिनियम में पांच साल सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। डीजीसी ने बताया कि सभी सजाएं साथ चलेंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक संपन्न



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर के सफल आयोजन के लिए बैंक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक की गई।

इस मौके पर नोडल अधिकारी लोक अदालत ने वादकारियों के हित को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण के लिए चिन्हित किए जाने के लिए निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक आम जनमानस के मध्य प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर संगम लाल मिश्रा, एआरटीओ (ई) अमिताभ राय, बीएसएनएल के अमर मेहरोत्रा, बिजली विभाग के एसडीओ शहजाद खान आदि अधिकारी उपस्थित हुए।

# पुरानी रंजिश में छात्र पर चाकुओं से हमला, गिरने पर भागे हमलावर

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचारः** जैतपुर के बाईपास मार्ग पर पुरानी रंजिश के चलते एक दर्जन से अधिक लोगों ने एक छात्र को घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। बाद में चाकुओं से बेरी तरह गोद डाला। हमलावरों के तीखे तेवर देख कर कोई भी ग्रामीण घायल को बचाने का साहस नही जुटा सका। बाद मे हमलावर उसे अधमरा छोड़ कर मौके से भाग गए।



हमले के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने घायल को संभाला। अमृत विचार

कस्बे के जैतपुर बाईपास मार्ग के निकट खकरीपुरा निवासी राजू अहिरवार 19 पुत्र कैलाश बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। वह गुरूवार को अपने घर खकरीपुरा से श्रीनगर तिराहा के पास मोबाइल की दुकान पर जाकर मोबाइल ठीक करा रहा था। मोबाइल की दुकान से जैसे ही वह बाहर निकला, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उसे बुलाया। लेकिन छात्र हमलावरों के हावभाव देख कर जैसे ही बाइक से भागने का प्रयास करने लगा, तभी पीछे से उस पर हमला कर दिया। वह काफी दूर तक अपने बचाव के लिए दौड़ता रहा, लेकिन एक दर्जन हमलावरों के आगे वह भाग नही सका और उसकी घेराबंदी कर उसपर चाकुओं से कई वार किए। जिससे छात्र मौके पर ही गिर गया। छात्र की चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन किसी ने बचाने की हिम्मत नही जुटाई। घायल होने के बाद युवक अपनी जान बचाकर हमलावरों के चंगुल से भाग निकला। तभी कुछ दुकानदारों ने अपने वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर मे भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरो में हमलावरों के फुटेज खंगाल रही है।

# दुष्कर्म में दोषी को दस साल कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सिकंदरा क्षेत्र की दो किशोरियों को ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में एफटीसी प्रथम ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सिकंदरा थाना क्षेत्र की किशोरी चचेरी बहन के साथ 13 अप्रैल 2014 की सुबह लापता हो गई थी। पिता ने गांव के अंकुर रैदास व सोहित जोशी पर दोनों लड़कियों को ले जाने का आरोप लगाकर तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। पीड़ित ने आईजी को प्रार्थना पत्र देकर दोनों आरोपियों को पकड़ने के बाद रुपये लेकर छोड़ देने का आरोप लगाया था। आईजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने अंकुर रैदास व सोहित जोशी के साथ मथुरा के फरह क्षेत्र के बघेरुआ निवासी सरजू प्रसाद उर्फ राजेंद्र को जेल भेजा था। एडीजे/एफटीसी प्रथम सुरेन्द्र सिंह ने अंकुर को सजा सुनाई है। आरोपी सोहित जोशी व सरजू प्रसाद उर्फ राजेंद्र की मृत्यु हो गई थी।

# टीमों को फसलों का सर्वे करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जिले में अतिवृष्टि के कारण हुई फसल क्षति का सर्वे कराने को लेकर राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं फसल बीमा कम्पनी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। समीक्षा दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी प्राप्त की।

समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम स्तरीय संयुक्त सर्वेक्षण समिति व तहसील स्तरीय संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा फसल क्षति सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जनपद स्तरीय सर्वे समिति द्वारा भी प्रत्येक तहसील में रैण्डम आधार पर पांच पांच ग्रामों के सर्वे का सत्यापन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दो दिन में असफल बुवाई, फसल क्षति का आंकलन कर आख्या अपर जिलाधिकारी ;वि०ध्रा०द्ध को प्रस्तुत करे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की सूचना संकलित कर शासन व फसल बीमा कम्पनी को उपलब्ध करायें, जिससे असफल बुआई, की स्थिति में बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सके। डीएम ने उप कृषि निदेशक एवं बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन कृषकों का गलत बीमा पोर्टल पर बटाईदार के रूप में करा दिया गया है, उनके प्रत्यावेदन के आधार पर पोर्टल से बीमा आवेदन निरस्त करायें, जिससे कृषक अपना स्वयं का फसल बीमा करा सके। जिलाधिकारी नें निर्देश दिए कि सभी राजस्व निरीक्षक यह सुनिश्चित कराएं कि टीम द्वारा खेत की सर्वे रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित उपलब्ध कराई जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी महोबा शिवध्यान पांडेय, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, एसडीएम अनुराग प्रसाद सहित राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी के अधिकारी रहे।



डीएम ने बैठक में अतिवृष्टि से फसलों के नुकसान की जानकारी मांगी। अमृत विचार

# रेलवे ट्रैक पर मिले शव की शिनाख्त, जांच शुरू

संवाददाता, रूरा (कानपुर देहात)

**अमृत विचारः** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के सामने डीएफसी रेल लाइन के डाउन ट्रैक पर मंगलवार की रात महिला के मिले शव की पहचान उसकी मां ने अपनी पुत्री के रूप में की है। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है।

शिवली थाना क्षेत्र के कैलई गांव के रहने वाले राकेश की विवाहिता पुत्री रानी (28) मंगलवार की रात घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता न चल सका था। मंगलवार की रात रूरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के सामने डीएफसी रेल ट्रैक पर एक महिला का शव मिला था। शिनाख्त न होने पर शव मर्च्युरी में रखवा दिया गया था। परिजनों ने अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शिनाख्त की। मां सुषमा, पिता राकेश, भाई दीपक आदि का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मां सुषमा ने थाने में तहरीर देकर गांव के एक युवक पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि मामला शिवली थाने से संबंधित है। शिवली थाने में तहरीर देने को कहा गया है।

## गूंजते रहे जयकारे

### कालपी ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में निकली यात्रा

# तिरंगा यात्रा में एक स्वर से गूंजा राष्ट्र प्रेम का संदेश

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव कि अगुवाई में विशाल तिरंगा यात्रा कालपी की सड़कों से निकाली गई। यात्रा में देश प्रेम के गीत तथा नारे गूंजते रहे। रास्ते में जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया।

गुरुवार सुबह 10 बजे पालिका से तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन पूर्व विधायक डा अरुण मेहरोत्रा, एशडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, एसआई देवेंद्र भदौरिया, चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता शशिकांत सिंह चौहान (कल्लू ठाकुर), धर्मेन्द्र पाल, राजेश द्विवेदी, बाबू सिंह यादव, अमरदीप पाण्डेय, अंकित ठाकुर, दिग्विजय सिंह, खानबाबू, निज़ाम, कपिल शुक्ला, बबलु राणा, सुनील पटवा, राकेश यादव, विशाल सिंह, रविंद्र सिंह गपोले चौहान, मुन्ना चौधरी, ब्रह्म सिंह यादव, संदीप शर्मा,यतेंद्र राजावत, आदित्य, आशिक मिश्रा, दीपचंद्र सैनी, सूर्यकुमार द्विवेदी, राघवेंद्र सिंह जादौन, धर्मेन्द्र निषाद, विजय निषाद, विनय निषाद, लाला यादव, मनोज पाण्डेय, सतीश द्विवेदी, अनुराग पंडित, प्रशांत शुक्ला, शिवम् गुप्ता, रोहिणी शर्मा अमित यादव, कैफ रजा, पंकज ठाकुर, सलीम अंसारी के अलावा नगर पालिका के ईओ अवनीश कुमार शुक्ला, जेई अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह यादव, लेखाकार हरिभूषण सिंह मौजूद रहे। विशाल तिरंगा यात्रा खोवा मंडी, सराफा बाजार टरनंनगंज बाजार,फुल पावर चौराहा, बाईपास भ्रमण करते हुये स्टेशन चौराहा पहुंची। राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे।यात्रा के लक्ष्मी बाई पार्क में पहुंचने पर पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल सिंह व पालिका अध्यक्ष ने महारानी के चित्र पर मालार्पण किया उसके उपरान्त यात्रा जुलेहठी होते हुए नगर पालिका पहुंचकर समापन हुआ।



कालपी की तिरंगा यात्रा में खासी भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

# शुलभ शौचालय में पड़ गई दरारें

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचारः** पांच वर्ष पूर्व स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शुलभ शौचालयों में जगह-जगह से बड़ी दरारें हो गई हैं। शौचालय कभी भी ढह सकते हैं। बीच में एक बार इनकी मरम्मत भी कराई गई थी, लेकिन इसके बाद भी शौचालयों की हालत बदहाल है।

कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब एक दर्जन शुलभ शौचालय बनाए गए थे। इनमें ज्यादातर की हालत नाजुक है दीवार जगह-जगह से दरारें दे गई है छत भी टपकने लगी है ऐसा ही नजारा श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में हाईवे किनारे बने शौचालय में देखने को मिला है जबकि कुछ दिन पूर्व इसकी मरम्मत भी कराई गई थी। इसके बाद जगह-जगह से दरारें दिखाई दे रही है। यह कभी भी ढह सकता है जगह-जगह से दरारें होने के कारण बारिश के दौरान लोग अंदर जाने से कतराते हैं। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि वह अवर अभियंता के साथ उसका निरीक्षण करेंगे और एस्टीमेट तैयार कराकर उसकी मरम्मत कराई जाएगी।




सुमेरपुर का जर्जर शुलभ शौचालय। अमृत विचार

## बिजनेस ब्रीफ

### एनपीसीआईएल से ईआईएल का समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लि. (ईआईएल) ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास को लेकर इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लि. (एनपीसीआईएल) के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ईआईएल ने कहा, यह साझेदारी परमाणु ऊर्जा में तेजी लाने, स्वच्छ, हरित और भरोसेमंद ऊर्जा को सक्षम बनाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करती है। यह विकसित भारत के परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है।

### ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि दर 0.3 प्रतिशत रही

**लंदन।** ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून की तिमाही में ऊंचे करों और वैश्विक शुल्क अनिश्चितता के बीच सुस्त पड़ने के बावजूद उम्मीद से कहीं बेहतर रफ्तार से बढ़ी है। गुरुवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अप्रैल-जून के दौरान पिछली तिमाही की तुलना में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्य रूप से जून माह के मजबूत प्रदर्शन के कारण संभव हुई। हालांकि, यह जनवरी-मार्च तिमाही में दर्ज 0.7 प्रतिशत वृद्धि से कम है, लेकिन बाजार के महज 0.1 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से अधिक रही।

### मंगल इलेक्ट्रिकल का आईपीओ 20 को

**नई दिल्ली।** ट्रांसफार्मर कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज ने अपने 400 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 533-561 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने कहा कि आईपीओ के तहत सिर्फ नए शेयर जारी किए जाएंगे। आईपीओ 20 अगस्त को खुलेगा और 22 अगस्त का संपन्न होगा। बयान के अनुसार, इस नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग ऋण चुकाने, राजस्थान में स्थित कंपनी की सुविधा का विस्तार करने तथा सामान्य कंपनी कामकाज के लिए कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

# भारत- अमेरिका में बीटीए वार्ता 25 को

## वाणिज्य सचिव बोले- भारत आने वाली अमेरिकी दल के बारे में तय तिथि के आसपास पता चल पाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने गुरुवार को कहा कि अगले दौर की द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए भारत आने वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बारे में 25 अगस्त की निर्धारित तिथि के आसपास ही पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पूरी तरह से व्यापार वार्ता में लगे हुए हैं।

अगले दौर की वार्ता (25 अगस्त से) पर उन्होंने कहा, अगस्त के आखिरी सप्ताह के अंत में उस तारीख के करीब आते ही आपको उस दौर की प्रगति के बारे में पता चल जाएगा। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। छठे दौर की वार्ता के लिए एक अमेरिकी दल 25 अगस्त से भारत आने वाला है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क मुद्दे का समाधान होने तक दोनों देशों के बीच किसी भी व्यापार वार्ता की संभावना से इनकार कर



● दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है पूरी

दिया है। अमेरिका कृषि एवं दुग्ध जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव बना रहा है, जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता क्योंकि इससे छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका प्रभावित होती है।

वाणिज्य सचिव ने कहा कि बीटीए वार्ता जारी रही है। हम इस पर आगे बढ़ रहे हैं। ये चर्चाएं तीन स्तर पर वार्ता दल, मंत्री और राजनयिक स्तर पर हो रही हैं। यह बातचीत विभिन्न माध्यमों से हो रही है। हम इसमें शामिल हैं, अमेरिका हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। अमेरिका और भारत ने 2025 के सितंबर-अक्टूबर तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना की घोषणा की है। दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान के 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए 25 अगस्त की यात्रा के बारे में अभी तक अमेरिका की ओर से कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय इस मुद्दे पर हितधारकों के संपर्क में है। अमेरिका में जाने करने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त से लागू हो गया है। रूस से कच्चा तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से अमल में आएगा।

### ट्रंप-पुतिन मुलाकात में चीजें ठीक नहीं रहीं तो भारत पर बढ़ सकता है शुल्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने चेतावनी दी है कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुक्रवार को होने वाली मुलाकात में 'चीजें ठीक नहीं रहीं' तो भारत पर शुल्क बढ़ सकते हैं। ट्रंप ने पिछले सप्ताह भारत पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इसमें रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर जुर्माने के तौर पर लगाए 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल हैं। यह अतिरिक्त 25% शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। बेसेंट ने कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन से हर कोई निराश है। हमें उम्मीद थी कि वह ज्यादा खुलकर बातचीत करेंगे। ऐसा लग रहा है कि वह संवाद के लिए तैयार हो सकते हैं और हमने रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीयों पर द्वितीयक (अतिरिक्त) शुल्क लगाया है। अगर चीजें ठीक नहीं रहीं, तो अतिरिक्त शुल्क बढ़ सकते हैं। वित्त मंत्री ने रूस से कच्चे तेल के मुख्य खरीदार चीन पर कहा कि राष्ट्रपति (ट्रंप) अपने लिए लाभ की स्थिति बनाने में सर्वश्रेष्ठ हैं और वह राष्ट्रपति पुतिन के सामने यह स्पष्ट कर देंगे कि सभी विकल्प खुले हुए हैं।

# एसएंडपी ने 19 साल बाद भारत की साख को बढ़ाकर किया 'बीबीबी'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीति उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ायी है।

एसएंडपी ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से है, पिछले पांच-छह साल में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी शुल्क का असर प्रबंधन के दायरे में होगा। भारत पर अगर 50% शुल्क लगाया जाता है तो इससे वृद्धि पर कोई बड़ा असर पड़ने की आशंका नहीं है। भारत व्यापार पर अपेक्षाकृत कम निर्भर है और इसकी लगभग 60% आर्थिक वृद्धि घरेलू खपत से आती है।

अमेरिकी एजेंसी की रेटिंग में यह सुधार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहे जाने के कुछ दिन बाद आया है। ट्रंप ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर अबतक का सबसे अधिक 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। साख में सुधार से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय कंपनियों के लिए कर्ज की लागत में कमी आएगी।

एसएंडपी ने जनवरी 2007 में भारत को सबसे निचले निवेश स्तर की रेटिंग 'बीबीबी-' दी थी। यह किसी वैश्विक रेटिंग एजेंसी द्वारा साख में पहला सुधार है जिसमें भारत को सबसे निचले निवेश स्तर से एक पायदान ऊपर की रेटिंग दी गयी है।



● रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीति उपायों का हवाला दिया

### अल्पकालिक रेटिंग को ए-3 से बढ़ाकर किया ए-2

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालीन ऋण साख को बीबीबी- से बढ़ाकर बीबीबी और अल्पकालिक रेटिंग को ए-3 से बढ़ाकर ए-2 कर दिया है। स्थिर परिदृश्य एसएंडपी के इस विचार को दर्शाता है कि नीतियों के मोर्चे पर निरंतर स्थिरता और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में उच्च निवेश भारत की दीर्घकालीन वृद्धि संभावनाओं को बढ़ावा देंगे। साथ ही सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अगले 24 महीनों में रेटिंग को मजबूत बनाएगी। ये नीतियां सरकार के बढ़े हुए कर्ज और ब्याज के बोझ को कम करती है। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही उसकी साख के लिए सबसे कमजोर पहलू रही है।

# निर्यात 7.29% बढ़कर 37.24 अरब डॉलर व्यापार घाटा आठ महीने के शीर्ष स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश का निर्यात जुलाई में 7.29 प्रतिशत बढ़कर 37.24 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात बढ़ने से व्यापार घाटा आठ महीने के उच्चतम स्तर 27.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, जुलाई में देश का वस्तु निर्यात दो महीने की गिरावट के बाद रफ्तार पकड़ते हुए 37.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले महीने आयात भी 8.6% बढ़कर 64.59 अरब डॉलर हो गया। इससे व्यापार घाटा यानी निर्यात एवं आयात के बीच का फासला 27.35 अरब डॉलर पहुंच गया, जो नवंबर, 2024 के बाद सबसे अधिक है। 2025-26 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में निर्यात 3.07% बढ़कर 149.2 अरब डॉलर पहुंच गया जबकि आयात 5.36% बढ़कर 244.01 अरब डॉलर पहुंचा। चार महीने में कुल व्यापार घाटा 94.81 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बाजार रहा स्थिर

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 58 अंक और निफ्टी में 12 अंक की मामूली तेजी रही।

बीएसई का सेंसेक्स दूसरे दिन भी बढ़त बनाए रखते हुए 57.75 अंक चढ़कर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 11.95 अंक बढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुंचा। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। हालांकि, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, अडाणी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक का ऊर्जा बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी चर्चा है कि रूस पर लगे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार लाभ में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।



### एफआईआई ने 3,644.43 करोड़ के शेयर बेचे, डीआईआई ने 5,623.79 करोड़ के शेयर खरीदे

गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में थोक मुद्रास्फीति घटकर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत रही जो दो साल का निचला स्तर है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत बढ़कर 65.92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,644.43 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,623.79 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।

## राष्ट्रीय

न्यायिक परीक्षा

# तीन साल वकालत की शर्त में छूट से इन्कार

## उच्चतम न्यायालय ने 20 मई को कहा था- परीक्षा में बैठने के लिए पहले तीन साल तक करनी होगी वकालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने प्रवेश स्तर की न्यायिक सेवा परीक्षाओं में विधि स्नातकों के शामिल होने के लिए न्यूनतम तीन वर्ष वकालत का मानदंड तय करने संबंधी अपने फैसले में संशोधन करने से गुरुवार को इनकार कर दिया और कहा कि इससे 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा। सुप्रीम कोर्ट मध्य प्रदेश के एक न्यायाधीश की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव को ध्यान में रखते हुए मौजूदा न्यायिक अधिकारियों को भी यह परीक्षा देने की अनुमति देने के लिए पहले के फैसले में बदलाव की मांग की थी।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 20 मई को कहा था कि युवा विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करना अनिवार्य होगा। न्यायिक सेवा परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होने से पहले तीन साल तक वकालत करनी होगी। स्नातकों के विधि प्रशिक्षु के रूप में तीन वर्ष के अनुभव पर भी विचार करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने गुरुवार को न्यायिक अधिकारियों के रूप में अनुभव पर पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया ताकि वे अन्य राज्यों में फिर से परीक्षा दे सकें।



● मध्य प्रदेश के जज की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

### बांग्ला भाषी प्रवासी कामगारों को 'हिरासत' पर होगी शीर्ष सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बांग्ला भाषी प्रवासी कामगारों को कथित तौर पर हिरासत में लिए जाने से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमला बागची की पीठ ने हिरासत के संबंध में कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि किसी भी आदेश के दुष्परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से उन लोगों के संबंध में जो वास्तव में सीमा पार से आए हैं। पीठ ने कहा कि जिन राज्यों में ये प्रवासी कामगार काम कर रहे हैं, उन राज्यों को इनके मूल राज्य से इनकी वास्तविक स्थिति के बारे में पूछताछ करने का अधिकार है, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं होती।

### निमिषा प्रिया को तत्काल कोई खतरा नहीं, बातचीत जारी

उच्चतम न्यायालय को गुरुवार को सूचित किया गया कि यमन में हत्या के आरोप में मौत की सजा पाने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को तत्काल कोई खतरा नहीं है। इसके बाद न्यायालय ने मामले को आठ सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। प्रिया को कानूनी सहयोग दे रहे याचिकाकर्ता संगठन 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें केंद्र को केरल की 38 वर्षीय नर्स को बचाने के लिए राजनयिक माध्यमों का उपयोग करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### वनतारा में रखे हाथियों को लौटाने की याचिका पूरी तरह अस्पष्ट: सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने जंगली जानवरों के लिए बनाए गए वन्यजीव बचाव एवं पुनर्वास केंद्र, वनतारा में रखे गए पालतू हाथियों को लौटाने के लिए निगरानी समिति गठित करने का अनुरोध करने वाली याचिका को गुरुवार को पूरी तरह से अस्पष्ट करार दिया। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और पीबी वराले की पीठ ने याचिकाकर्ता व अधिवक्ता सीआर जय सुकीन से कहा कि वह वनतारा के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं लेकिन उसे मामले में पक्षकार भी नहीं बनाया है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह वनतारा को याचिका में पक्षकार बनाएं। पीठ ने कहा, आप उन पक्षों के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं जो यहां प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। आपने उन्हें प्रतिवादी नहीं बनाया। आप उन्हें पक्षकार बनाएं और फिर हमारे पास आइए, हम देखेंगे। न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तारीख तय की।

### रंगों संग उड़ान



महाबलीपुरम के समुद्री तट पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर उठा। देश-विदेश से आए प्रतिभागियों ने समुद्री हवा के संग पतंगबाजी का आनंद लिया। एजेंसी

# राहुल गांधी के आरोप ने एसआईआर की जरूरत को किया रेखांकित : शेखावत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि राहुल गांधी ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोप लगा एक तरह से निर्वाचन आयोग द्वारा कराए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का समर्थन किया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गांधी परिवार पर सत्ता के 'लालच' में रिश्वत देने, दबाव डालने और मतपत्रों को नष्ट करने का आरोप लगाया जिनके बारे में माना जाता था कि वे कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ डाले गए थे।

पार्टी ने गांधी परिवार पर चुनावी प्रक्रिया से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर 1983 में भारतीय नागरिकता प्राप्त होने से तीन साल पहले ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का आरोप लगाया है। शेखावत ने कांग्रेस और गांधी परिवार को भाजपा के इस आरोप को लेकर कथित तौर पर चुप्पी साधने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह चुप्पी अपने आप में सवाल खड़े करती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं कांग्रेस से फिर पूछता हूं कि उसने मतदाता सूची को कैसे प्रभावित किया और नागरिक बनने से पहले ही उन्हें मतदाता कैसे बना दिया गया। यह निश्चित रूप से भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने और संवैधानिक प्रक्रिया को दरकिनार करने के समान है। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों के दौरान कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक प्रस्तुति दी थी।



● केंद्रीय मंत्री ने गांधी परिवार पर रिश्वत देने और मतपत्रों को नष्ट करने का आरोप लगाया

# सुरक्षा कड़ी, लाल किले के पास 11 हजार सुरक्षा कर्मी तैनात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वतंत्रता दिवस

● ऊंची इमारतों पर 'स्नाइपर' तैनात, शहर में लगाए गए कैमरे

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली की ऊंची इमारतों पर 'स्नाइपर' तैनात किए गए हैं, पूरे शहर में कैमरे लगाए गए हैं और स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल लाल किले के आसपास 11 हजार सुरक्षाकर्मियों और 3000 यातायात पुलिसकर्मियों तैनात किए गए हैं।

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान दिल्ली पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है और सुरक्षा को कई स्तर पर पुख्ता किया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने सख्त निर्देश जारी करते हुए गुरुवार को रात 10 बजे के बाद व्यावसायिक वाहनों के राजधानी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, हवाई अड्डे और मेट्रो स्टेशन पर 24 घंटे निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात की गई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों और सामान की जांच व औचक पहचान पत्र का सत्यापन किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पुख्ता करने के साथ जल उपचार संयंत्रों की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है।

# 1.16 करोड़ के इनामी दो शीर्ष नक्सली ढेर

**मोहला-मानपुर।** स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने 1.16 करोड़ के इनामी दो शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया गया। बताया जाता है कि मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस, कांकेर पुलिस और आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने बंडा पहाड़ क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो शीर्ष नक्सली नेताओं को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान विजय रेड्डी (60) और लोकेश सलामे (35) के रूप में हुई है। दोनों नक्सलियों पर कुल 1.16 करोड़ का इनाम था। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर बुधवार को चलाए गए ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को हथियार और नक्सल साहित्य मुठभेड़ की जगह मिले जिसे बरामद किया गया है। उन्होंने बताया, नक्सली स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कोई बड़ी घटना अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

# दिल्ली में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में लगातार हो रही भारी बारिश से जगह-जगह सड़कों पर जलभराव व यातायात बाधित हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शहर के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी करते हुए आगामी कुछ घंटों में और बारिश होने की चेतावनी दी है।

आईएमडी ने कहा कि बारिश के कारण दिल्ली में न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। लाजपत नगर, रोहतक रोड, आनंद पर्वत, जहांगीरपुरी में जीटीके डिपो, आदर्श नगर, रिंग रोड के पास ओल्ड जीटी रोड, मथुरा रोड पर आश्रम से मूलचंद की ओर जाने वाले मार्ग और धौला कुआं-गुरुग्राम रोड पर पानी भर गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यात्रियों को असुविधा हुई।

आईएमडी ने 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जिसका मतलब है तैयार रहें। इसके तहत दिल्ली के कई हिस्सों में बादल गरजने और बिजली गिरने के साथ-साथ मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### बारिश से वाहनों पर पेड़ गिरा, एक की मौत

दिल्ली के कालकाजी इलाके में भारी बारिश एक विशाल पेड़ सड़क पर वाहनों के ऊपर गिर गया, जिससे 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी के 'पेल्विक फ्रैक्चर' हो गया। सीसीटीवी फुटेज में घटना का वीडियो रिकॉर्ड हो गया और इसमें देखा जा सकता है कि फुटपाथ से कुछ इंच की दूरी पर स्थित विशाल पेड़ सड़क से उखड़कर यात्रियों पर गिर गया। पेड़ कुछ गाड़ियों पर गिरा, जिनमें मोटरसाइकिल भी शामिल थी। इस बाइक पर एक व्यक्ति और उसकी बेटी सवार थे। घटनास्थल पर गिरे हुए पेड़ और बाइक के बीच फंसी लड़की देखी जा सकती है।

## स्टेट ब्रीफ

### शेख हसीना की भांजी ने मुकदमे को तमाशा करार दिया

**लंदन।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भांजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने ढाका में चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे को तमाशा बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मनगढ़ंत आरोपों पर आधारित और राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित है। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के लिए उत्तरी लंदन के हैम्पस्टेड और हाईगेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सिद्दीक ने अपने परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के सुर्खियों में आने के बाद इस वर्ष के शुरू में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### आतंकी हमलों में चार पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस थानों और चौकियों को निशाना बनाकर किए गए सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों में कम से कम चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ये हमले बुधवार को हुए। उन्होंने बताया कि पेशावर में हसन खेल पुलिस थाने और दो चौकियों पर हमलों को विफल करते समय एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

### चिकित्सक की झूठी शान के नाम पर हत्या

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक महिला चिकित्सक की उसके छोटे भाई ने झूठी शान के नाम पर (ऑनर किलिंग) कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना पिछले सप्ताह लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर टोबा टेक सिंह में हुई थी। पुलिस के अनुसार डॉ. आयशा बीबी (24) हाल में किर्गिस्तान से एमबीबीएस की डिग्री पूरी करके लौटी थी।

### कैफे में आग लगी, 35 को निकाला गया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में स्थित कैफे में बृहस्पतिवार तड़के आग लग गई, जिसके बाद 35 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। आग कलवा (पश्चिम) के खारेगांव में छह मंजिला इमारत के पारसिक कैफे में लगी थी।

## तिरंगा रैली



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जम्मू के एक स्कूल की छात्राओं ने तिरंगा रैली में भाग लिया। एजेंसी

# दौड़ने से नशे की लत से छुटकारा पाना आसान

**कोई भी व्यायाम नशे के बगैर दे सकता है आनंद, मूड को कर सकता है बेहतर**

ओटावा, एजेंसी



नशे की लत एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या है, जो हर पांच में से एक कनाडाई को उनके जीवनकाल में प्रभावित करेगी। उदाहरण के लिए नशीले पदार्थों की लत ने कई शहरों में उनके अत्यधिक सेवन का संकट खड़ा कर दिया है। लत का इलाज चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि अलग-अलग लोगों पर अलग-अलग तरीके काम करते हैं।

कुछ प्रांत जबरन इलाज पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे तरीकों को और बढ़ावा दे रहे हैं जिनकी सफलता अब तक सीमित ही रही है। नशा और खेल पर शोध करने वाले सामाजिक कार्य शोधकर्ताओं के रूप में, हमारा मानना है कि अब वैकल्पिक तरीकों पर विचार करने का समय आ गया है। ऊपरी तौर पर देखें तो नशे से छुटकारा पाना बस किसी पदार्थ को पीना या सूंघना छोड़ने का निर्णय लेने जितना आसान लग सकता है। हालांकि, यह उससे कहीं अधिक जटिल है। लत किसी पदार्थ के साथ एक रिश्ते जैसी होती है। इस दृष्टि से देखें तो, लत से उबरने को उस रिश्ते से आगे बढ़ने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें उसके बिना अलग तरह से जीना सीखना पड़ता है।

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है। उदाहरण के लिए: 1) समय के साथ दौड़ने के अनुभव कैसे बढ़े और उन्होंने नशीली दवाओं या शराब की जगह कैसे ले ली।

# भारत ने पाकिस्तान को दी चेतावनी दुस्साहस के परिणाम होंगे कष्टकारी

## भारत विरोधी बयानबाजी पर विदेश मंत्रालय ने पड़ोसी देश को दी सख्त हिदायत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने पाकिस्तान को नई दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए गुरुवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिए जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है। उन्होंने कहा, अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जगजाहिर तौर-तरीका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान को आगाह किया जाता है कि वह अपनी बयानबाजी



- असीम मुनीर, बिलावल भुट्टो ने की थी टिप्पणी

पर संयम रखे क्योंकि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे, जैसा कि हाल ही में प्रदर्शित किया गया है।

हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को परमाणु धमकी जारी करते हुए कहा कि अगर भविष्य में भारत के साथ संघर्ष में अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ा तो वह आधी दुनिया को तबाह कर देगा। भारत ने टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि देश राष्ट्रीय सुरक्षा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। मुनीर ने सिंधु नदी पर भारत के तटबंध को नष्ट करने की भी धमकी दी और कहा कि एक बार बांध बन जाने से पाकिस्तान उस पर मिसाइलें दागेगा।

### टैरिफ से उपजे तनाव के बाद भी अमेरिका के साथ संबंध आगे बढ़ते रहेंगे : जायसवाल

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि अमेरिका के साथ उसके संबंध परस्पर सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्रालय का यह बयान आया है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और दोनों देशों के नागरिकों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। कहा, हमें उम्मीद है कि परस्पर सम्मान और साझा हितों के आधार पर संबंध आगे बढ़ते रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से टैरिफ को लेकर तकरार के मद्देनजर भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य के बारे में पूछा गया था। उन्होंने सुझाव दिया कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध मजबूत बने हुए हैं। जायसवाल ने कहा, भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी, जो बुनियादी रक्षा समझौतों पर आधारित है, द्विपक्षीय साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि यह मजबूत सहयोग सभी क्षेत्रों में प्रगाढ़ हुआ है। जायसवाल ने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिकी रक्षा नीति दल अगस्त के मध्य में दिल्ली में होगा। संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' का 21वां संस्करण भी इसी महीने के अंत में अलास्का में होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष महीने के अंत में 'वर्किंग लेवल' पर 'टू प्लस टू' अंतर-सत्रीय बैठक आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अंतरिक्ष उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाने को ट्रंप ने किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के वाणिज्यिक अंतरिक्ष उद्योग को और भी अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के प्रयास के तहत नियमों को सरल करने और उन्हें सुव्यवस्थित करने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसमें परिवहन मंत्री के अधीन एक 'अंतरिक्ष वाणिज्य कार्यालय' के सृजन का आह्वान किया गया है। यह आदेश प्रतिस्पर्धी प्रक्षेपण बाज़ार को सक्षम बनाकर अंतरिक्ष में अमेरिकी महानता को बढ़ाने का भी प्रयास करता है, जिससे अगले पांच वर्षों में वाणिज्यिक अंतरिक्ष गतिविधियों में काफी वृद्धि हो सकती है।

## ट्रंप और पुतिन से पहले स्टॉर्मर से मिलेंगे जेलेंस्की

कीव, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर गुरुवार को लंदन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का स्वागत कर सकते हैं। अलास्का में शुक्रवार को होने वाले महत्वपूर्ण अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन से पहले दोनों राष्ट्रपतियों की मुलाकात हो सकती है।

जेलेंस्की की ब्रिटेन की राजधानी की यात्रा बर्लिन से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कई यूरोपीय देशों के नेताओं के साथ वर्चुअल बैठकों में भाग लेने के एक दिन बाद हो रही है। इन नेताओं ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें आश्वासन दिया है कि शुक्रवार को एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान वह यूक्रेन में युद्धविराम को प्राथमिकता देंगे। जेलेंस्की और यूरोपीय देशों, दोनों को आशंका है कि द्विपक्षीय अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन उन्हें और उनके हितों को दरकिनार कर सकता है।



- ट्रंप और कई यूरोपीय देशों के नेताओं की वर्चुअल बैठक के बाद जेलेंस्की जाएंगे ब्रिटेन यात्रा

## हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर केंद्र, डीजीसीए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर दायर एक याचिका पर गुरुवार को केंद्र समेत अन्य पक्षों से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिका पर केंद्र, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और उत्तराखंड सरकार समेत अन्य को नोटिस जारी किए।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा, चिंता कई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं होने को लेकर है, खासकर केदारनाथ की ओर। पीठ ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद के लिए निर्धारित की। पंद्रह जून को, केदारनाथ मंदिर से तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर खराब दृश्यता के कारण गौरीकुंड के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सात लोगों में दो वर्षीय एक बच्चा और पायलट शामिल थे। 30 अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से यात्रा मार्ग पर यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा था। 7 जून को, केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर को तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में सड़क पर उतारना पड़ा था, हालांकि उसमें सवार पांच श्रद्धालुओं को बचा लिया गया लेकिन पायलट घायल हो गया।



# भारत मजबूत होगा तो दुनिया उसकी सुनेगी : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री ने की महाशक्ति व विश्वगुरु बनाने की वकालत

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को एक महाशक्ति और 'विश्वगुरु' बनाने की वकालत करते हुए गुरुवार को कहा कि अगर भारत हर क्षेत्र में मजबूत हो जाता है तो दुनिया निश्चित रूप से उसकी बात सुनेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नागपुर में राष्ट्र निर्माण समिति (सामाजिक संगठन) द्वारा आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस पर सभा को संबोधित कर रहे थे।

गडकरी ने कहा कि हम इस दिन को याद करते हैं क्योंकि इसी दिन 1947 में देश दो हिस्सों में बंट गया था - भारत और पाकिस्तान। हम सभी एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हैं कि हमारे देश का विभाजन अस्वाभाविक था और एक दिन हमारा देश 'अखंड' हो जाएगा, यही संकल्प हम आज इस कार्यक्रम में लेते हैं। उन्होंने भारत की विविधता में एकता और देश के सशस्त्र बलों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था एवं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ये सभी संकल्प हर भारतीय के प्रयासों से हासिल किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अगर हम हर क्षेत्र में मजबूत होंगे तो निश्चित रूप से दुनिया हमारी बात सुनेगी। जो लोग अर्थव्यवस्था, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में मजबूत हैं और जो कृषि एवं व्यापार में प्रगति कर रहे हैं तथा जिस देश के नागरिक देशभक्त एवं सुसंस्कृत हैं, वह देश ही विश्वगुरु बन सकता है।



## पाकिस्तान से आर्थिक सहयोग बढ़ाने की तलाश रहे संभावनाएं: रुबियो

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को पाकिस्तान के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका देश दुर्लभ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाशने को उत्सुक है।

रुबियो का यह बधाई संदेश ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों में कई वर्षों तक तनाव रहने के बाद सुधार हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा, हम दुर्लभ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग की नयी संभावनाओं की तलाश करने और गतिशील व्यापारिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं, जो अमेरिकियों और पाकिस्तानियों के लिए समृद्ध भविष्य को सुदृढ़ करेगा।

## पुलिस मौजूदगी बढ़ाने के विरोध में वाशिंगटन डीसी वासियों का प्रदर्शन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने देश की राजधानी में नेशनल गार्ड के जवानों की संख्या बढ़ाने और संघीय अधिकारियों के चौबीसों घंटे सड़कों पर तैनात रहने के फैसले की घोषणा की, जिसके बाद वाशिंगटन डीसी में लोगों ने पुलिस की उपस्थिति बढ़ने के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया।

कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा व्यस्त 'फोरटींथ स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट कॉरिडोर' पर एक वाहन जांच चौकी स्थापित किए जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने 'घर जाओ, फासीवादियो' और हमारी सड़कों से हटो के नारे लगाए। इस घटनाक्रम से कुछ दिन पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन कम से कम एक महीने के लिए शहर के पुलिस विभाग का कार्यभार अपने हाथ में लेगा। शहर की मेयर बोसर ने राजनीतिक दांवपेंच अपनाते हुए पहले इस कदम की आलोचना की लेकिन बाद में अधिकारियों की नियुक्ति को सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया कदम बताया। ट्रंप ने कहा है कि शहर में अपराध आपात स्तर पर पहुंच गया है, जिसे केवल संघीय हस्तक्षेप से ही काबू किया जा सकता है जबकि डीसी के नेताओं ने आंकड़ों के आधार पर बताया कि दो साल पहले हिंसक अपराधों में तीव्र वृद्धि हुई थी लेकिन अब यहां अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।



- ट्रंप ने कहा- आपात स्तर पर पहुंचे अपराध को संघीय हस्तक्षेप से ही काबू कर सकते

## हंटर अपनी टिप्पणियां वापस लें : मेलानिया ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने हंटर बाइडन से अपनी वह टिप्पणी वापस लेने की मांग की है, जिसमें उन्होंने यौन शोषण एवं तस्करी के दोषी जेफ्री एपस्टीन से उनका नाम जोड़ा था। मेलानिया ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि हंटर अपनी टिप्पणी वापस नहीं लेंगे तो वह उन पर मुकदमा करेंगी।

मेलानिया को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे की इस महीने ब्रिटिश पत्रकार एंड्रयू कैलाघन के साथ साक्षात्कार के दौरान की गई दो टिप्पणियों पर आपत्ति हैं। हंटर बाइडन ने आरोप लगाया था कि मेलानिया का (राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप से परिचय एपस्टीन ने कराया था। मेलानिया ट्रंप के वकील अलेजांद्रो ब्रिटो ने हंटर बाइडन को लिखे पत्र में कहा कि ये बयान झूठे, मानहानिकारक और बेहद अश्लील हैं। हंटर बाइडन की ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं और दुनियाभर के मीडिया संगठनों ने इसे प्रकाशित किया, जिससे प्रथम महिला को अत्यधिक वित्तीय नुकसान हुआ और उनकी साख भी धूमिल हुई है।




- यौन शोषण व तस्करी के दोषी जेफ्री एपस्टीन से नाम जोड़ने पर भड़कीं अमेरिका की प्रथम महिला

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अगस्त, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 23 .49 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 07 .36 तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज हो सकती है। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — आज व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं। पेट में वायु विकार हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। क्रोधपूर्ण व्यवहार पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। सन्तान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह** — आज अधिकारियों से वाद-विवाद में समय और सम्मान दोनों खराब हो सकता है। कुछ समय से चली आ रही परेशानियों का निवारण होगा। कोई गुमी या छुपी हुई वस्तु आपको आज मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे।

**कन्या** — आज नौकरी में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अधिक संवेदनशील न हों। कारोबार में संवादहीनता के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। पारिवारिक वातावरण थोड़ा उदासीन रहेगा। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है।

**तुला** — आज कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे। अधूरी पड़ी परियोजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और गैस की समस्या होने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज वाणी में मधुरता की प्रशंसा होगी। छोटी-मोटी बातों को अधिक महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। मधुमेह के रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है। परिश्रम का आपको सार्थक परिणाम मिलेगा। विवाह तय करने को लेकर अचानक निर्णय न लें।

**मकर** — आज आपको अपनी प्रतिष्ठा को लेकर चिंता हो सकती है। इसीलिए ऐसी परिस्थितियों को लेकर सावधान रहें जिससे आपका नाम खराब हो सकता हो। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। परिवार की जिम्मेदारियों को लेकर कुछ चिन्ता में रहेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। किसी मित्र से अनबन आज दूर होगी। आपके सभी काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे।

**मीन** — आज आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। मौसम में परिवर्तन के कारण सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

### सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |



“मैं डॉ. वेस पेस को पिछले कई वर्षों से जानती थी। वह 2002 के बुसान एशियाई खेलों में भारतीय टीम के डॉक्टर थे और उन्होंने वर्षों तक एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में राष्ट्रीय टीम के साथ नियमित रूप से काम किया।
–सानिया मिर्जा



## हाईलाइट

### गायकवाड़ और पृथ्वी महाराष्ट्र की टीम में

**पुणे :** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और पृथ्वी साव को 18 अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में खेले जाने वाले अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अंकित बावने को महाराष्ट्र टीम का कप्तान बनाया गया है। यह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साव का पहला टूर्नामेंट होगा जो वह महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे। वह सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र में शामिल हो गए थे। पिछले सत्र में मुंबई के साथ खराब प्रदर्शन के बाद खराब फिटनेस और अनुशासन के आधार पर टीम से बाहर किए जाने के बाद 25 वर्षीय यह खिलाड़ी नई शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगा।हालांकि गायकवाड़ और विकेटकीपर सौरभ नवाले दोनों को एक मैच के बाद दलीप ट्रॉफी के लिए बेंगलुरु में पश्चिम क्षेत्र की टीम से जुड़ना होगा। पश्चिम क्षेत्र को सेमीफाइनल में सीधा प्रवेश मिला है और वह अपना पहला मैच चार सितंबर को खेलेगा।

### चंडीगढ़ और उत्तराखंड जीते

**जालंधर :** चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप डिवीजन ‘बी’ के तीसरे दिन बृहस्पतिवार को जीत हासिल की जबकि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर का मुकाबला बराबरी पर छूटा। दिन की शुरुआत हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बीच डिवीजन ‘बी’ मैच से हुई जो 5-5 से ड्रॉ रहा। दोनों टीम को इससे एक-एक अंक मिला। दूसरे मैच में चंडीगढ़ ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ कड़े मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। दिन के अंतिम मुकाबले में उत्तराखंड ने असम को एकतरफा मुकाबले में 8-1 से हराया।

### पूर्व क्रिकेटर निकोलस सलदान्हा का निधन

**पुणे :** महाराष्ट्र के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर निकोलस सलदान्हा का बृहस्पतिवार को यहां निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिनर सलदान्हा ने महाराष्ट्र के लिए 57 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमें उन्होंने 2,066 रन बनाए जिसमें एक शतक भी शामिल है। उन्होंने 138 विकेट लिए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने सलदान्हा को अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया।

# ओलंपिक हॉकी कांस्य पदक विजेता वेस पेस का निधन

**कोलकाता, एजेंसी**

म्यूनिख में 1972 में खेले गए ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता डॉ. वेस पेस का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वेस पेस पार्किंसन रोग से पीड़ित थे। उन्हें मंगलवार सुबह यहां वुडलैंड्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वेस पेस का अंतिम संस्कार सोमवार या मंगलवार को किया जाएगा क्योंकि परिवार उनकी दोनों बेटियों के आने का इंतजार करेगा जो विदेश में बस गई हैं। वेस पेस का विवाह जेनिफर से हुआ था। वह भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी थीं और राष्ट्रीय टीम की कप्तान भी रह चुकी थीं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी वेस पेस विभिन्न भूमिकाओं में लंबे समय तक भारतीय खेलों से जुड़े रहे। वह भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर थे। उन्होंने फुटबॉल, क्रिकेट और रग्बी जैसे खेल भी खेले और 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष भी रहे। अप्रैल 1945 में गोवा में जन्मे पेस खेल और शिक्षा दोनों में असाधारण थे और हॉकी में सफल होने के बाद वे खेल चिकित्सा के चिकित्सक बन गए। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारतीय डेविस कप टीम सहित कई खेल निकायों के साथ सलाहकार के रूप में काम किया।



ओलंपिक पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य डॉ. वेस पेस व पुत्र लिएंडर पेस। **फाइल फोटो**

वेस पेस उस भारतीय हॉकी टीम के भी सदस्य थे जिसने 1971 में बार्सिलोना में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन उसके एक साल बाद मिला ओलंपिक पदक उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण पल था। ओलंपिक खेल 1972 को फिलिस्तीन के एक उग्रवादी समूह द्वारा 11 इजरायली खिलाड़ियों की हत्या के लिए भी दुखद रूप से याद किया जाता है, जिसके कारण इस खेल को चार दिनों के लिए बंद करना पड़ा था। हॉकी करियर को अलविदा कहने के बाद वेस पेस एक दशक तक भारतीय डेविस कप टीम के टीम डॉक्टर और लिएंडर पेस के मैनेजर भी रहे।

- **टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता थे डॉ. वेस**

लिएंडर पेस ने अपने पिता के कहने पर ही टेनिस में कदम रखा था। लिएंडर ने भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर देश के इतिहास में सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बने। लिएंडर के 18 ग्रैंड स्लैम खिताब में आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल खिताब शामिल हैं। लिएंडर ने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में पुरुष एकल का कांस्य पदक भी जीता। इस प्रकार उन्होंने हर चार साल में होने वाले इन खेलों में पदक जीतने की पारिवारिक परंपरा को जीवित रखा। लिएंडर अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष टेनिस खिलाड़ी भी हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व डिफेंडर दिलीप टिर्की ने कहा कि पेस सीनियर के निधन से देश में खेल का एक युग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया के लिए यह एक दुखद दिन है। डॉ. पेस के निधन से हॉकी के एक युग का अंत हो गया है। म्यूनिख में जीता गया ओलंपिक पदक उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

### मोहन बागान के लिए भी खेले वेस

- वेस पेस 70 और 80 के दशक में कोलकाता की फुटबॉल दिग्गज मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग की हॉकी टीमों के लिए भी खेले। उन्होंने ईस्ट बंगाल के तत्कालीन कोच सुभाष भौमिक के आग्रह पर ईस्ट बंगाल फुटबॉल टीम और बाईचुंग भूटिया जैसे खिलाड़ियों के साथ भी काम किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने कहा कि भारतीय खेलों में वेस पेस का योगदान अतुलनीय है और वह हमेशा मदद के लिए तैयार रहते थे। सानिया ने कहा स्वयं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के कारण वह पेशेवर खिलाड़ियों की मानसिकता को अच्छी तरह से समझते थे। उन्हें भारतीय होने पर गर्व था।

# टेस्ट कप्तान गिल का इंग्लैंड में प्रदर्शन अविश्वसनीय था

## पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने शुभमन की जमकर तारीफ की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह को लगता है कि हाल के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का प्रदर्शन अविश्वसनीय था क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले विदेशी हालात में उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठाए जा रहे थे। हाल में एंडरसन-तेंदुलकर टेस्ट श्रृंखला के दौरान गिल ने चार शतक बनाए और 754 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। इस उपलब्धि ने उन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में टेस्ट श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाला पहला एशियाई बल्लेबाज बना दिया और इस प्रदर्शन ने मेहमान टीम को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में मदद की।

भारत के तीन दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के लंबे प्रारूप के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद 25 वर्षीय गिल ने इस मुश्किल दौरे पर युवा टेस्ट टीम का नेतृत्व किया। युवराज ने महिला क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट के 50 दिन की उलटी गिनती पर आयोजित ‘50 डेज टू गो’ कार्यक्रम के इतर आईसीसी डिजिटल से कहा उनके विदेशी रिकॉर्ड पर कई सवालिया निशान थे। वह (गिल) कप्तान बने और चार टेस्ट शतक जड़े। यह अविश्वसनीय है कि जब आपको जिम्मेदारी दी जाती है तो आप उसे कैसे लेते हैं।



पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह। **एजेंसी**

उन्होंने कहा इसलिए मुझे उन पर (भारतीय टीम पर) बहुत गर्व है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह हमारी जीत है, हालांकि यह श्रृंखला ड्रॉ रही क्योंकि यह युवा टीम है। और इंग्लैंड में जाकर खेलना और खुद को साबित करना आसान नहीं है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत, आकाशदीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल होने और उनके मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार के कारण केवल तीन मैच खेलने के बावजूद श्रृंखला में भारत का दृढ़ संकल्प दिखा और उन्होंने ओवल में पांचवें टेस्ट में छह रन से रोमांचक जीत हासिल कर श्रृंखला बराबर कर दी।

गिल के मेंटोर (मार्गदर्शक) रहे युवराज ने कहा कि कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों के बिना भी भारतीय टीम ने चुनौती का डटकर सामना किया। उन्होंने कहा यह वाकई शानदार है क्योंकि मुझे लगता है कि जब आपके पास इंग्लैंड जाने वाली युवा टीम होती है तो बहुत दबाव होता है। आप विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों की जगह ले रहे होते हैं, यह आसान नहीं होता। खिलाड़ियों ने इसका डटकर सामना किया।

उन्होंने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के प्रयासों की भी सराहना की, जिनकी लंबी साझेदारी की बदौलत भारत ने मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ कराया। युवराज ने कहा टूर्नामेंट में वह पल शानदार था जब भारत ने टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराई। मैंने बहुत लंबे समय से वाशिंगटन और जडेजा को शतक बनाते और टेस्ट मैच ड्रॉ कराते नहीं देखा। उन्होंने कहा यह बहुत कुछ कहता है।



शुभमन गिल।

### विश्व कप को ध्यान में रखते हुए गेंदबाजी को निखार रहे मैक्सवेल

**केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया) :** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले साल भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पावरप्ले के ओवरों में अधिक प्रभाव छोड़ने के लिए स्पिन गेंदबाजी कौशल को निखार रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा और अगर मैक्सवेल फिट रहते हैं तो उनका ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाना तय है। वह नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते रहे हैं और भारतीय उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मैक्सवेल ने अपनी गेंदबाजी क्षमता के बावजूद 2022 के टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के बीच सबसे छोटे प्रारूप में पावर प्ले में कुल मिलाकर पांच ओवर फेंके हैं। लेकिन इस 36 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि वह टी-20 विश्व कप के दौरान पावरप्ले ओवरों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। मैक्सवेल ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप में आप शुरुआत में स्पिनर के तौर पर विकेट से थोड़ा अधिक लाभ उठा सकते हैं।





पेरिस सेंट जर्मेन की टीम यूईएफए सुपर कप की ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई। **एजेंसी**

### पीएसजी ने टॉटेनहैम को हरा यूईएफए सुपर कप जीता

**पेरिस, एजेंसी**

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए बुधवार को पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराकर यूईएफए सुपर कप जीत लिया जो फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 में पांचवी ट्रॉफी है। नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस वार्षिक मैच में टॉटेनहैम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। ली कांग-इन ने निचले कोने में जोरदार शॉट लगाकर पीएसजी के लिए पहला गोल किया, जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागकर उडीन के स्टेडियो फ्रीउली में खेले गए इस रोमांचक मैच में स्कोर 2-2 कर दिया। पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी के लिए विटिना पहले प्रयास में चूक गए।

# महिला टीम ने ट्रेनिंग शिविर पूरा किया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने घरेलू मैदान पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 10 दिवसीय अभ्यास शिविर पूरा किया। इस शिविर में मैच ‘सिमुलेशन’ (मैच की तरह की परिस्थितियों में खेलना) के अलावा ‘स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग’ पर भी ध्यान दिया गया।

भारतीय महिला टीम ने अब तक कोई विश्व खिताब नहीं जीता है जिससे उसकी कोशिश 30 सितंबर से शुरू होने वाले 50 ओवरों के इस महाकुंभ में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त करने की होगी।

**वनडे विश्व कप की तैयारी**



कप्तान हरमनप्रीत कौर।

बीसीसीआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा शिविर का उद्देश्य फिटनेस के स्तर को बढ़ाना, कौशल को निखारना और टीम को आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करना था। भारतीय टीम 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलेगी जिसके बाद 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। इस हफ्ते के शुरू में वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा था हम उस बैरियर (रूकावट) को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है, मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

# तथ्य-खोजी समिति इसी महीने प्रारंभिक रिपोर्ट बीसीबी को सौंपेगी

**ढाका, एजेंसी**

बंगलादेश प्रीमियर लीग की तथ्य-खोजी समिति अगस्त महीने में बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप देगी।

बीसीबी ने इससे पहले फरवरी में घोषणा की थी कि मीडिया में भ्रष्टाचार के कई आरोपों की रिपोर्ट आने के बाद बोर्ड और बीसीबी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) को ईमानदारी के मुद्दों और जांच में सहयोग देने के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय का गठन किया जाएगा। इसके बाद बीसीबी ने अपीलीय विभाग के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मिर्जा हुसैन हैदर की अध्यक्षता में एक तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें पूर्व क्रिकेटर शकील कासेम और अंतरराष्ट्रीय वकील डॉ. खालिद एच. चौधरी अन्य सदस्य थे।

- **मीडिया में भ्रष्टाचार के कई आरोपों की रिपोर्ट आने के बाद कराई गई थी जांच**

समिति के एक सदस्य खालिद ने गुरुवार को बताया प्रारंभिक रिपोर्ट को हम 20 अगस्त से पहले पेश करने का इरादा रखते हैं, पहचाने गए जोखिमों को दूर करने और उनकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अनुशंसित उपायों पर केंद्रित होगी। इसमें फ्रैंचाइजी चयन, सट्टेबाजी संबंधी विसंगतियां, ऑनलाइन जुए के मुद्दे, कुछ तत्काल अंतरिम उपायों की सिफारिश, और कुछ अन्य क्षेत्रों में आवश्यक सुधार शामिल है। उन्होंने कहा इस प्रारंभिक रिपोर्ट के एक महीने के भीतर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें संपूर्ण साक्ष्य विवरण, गवाहों के बयान और आगे का विश्लेषण शामिल होगा। इससे बीसीबी को आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए एक पूर्ण तथ्यात्मक आधार मिलेगा। समिति के सदस्य ने कहा अपने काम के दौरान, समिति ने तथ्य-खोज कार्य को पूरा करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ व्यापक रूप से बातचीत की। इसकी अपनी सीमाएं थीं। कम से कम तीन फ्रैंचाइजियों के संबंध में आरोप लगाए गए थे और हमने यह निर्धारित किया कि सभी फ्रैंचाइजियों के कोच, प्रबंधन और खिलाड़ियों सहित विभिन्न व्यक्तियों की राय सुनने के बाद ही कोई सार्थक मूल्यांकन किया जा सकता है। कुल मिलाकर, 60 से अधिक साक्षात्कार लिए गए। उन्होंने कहा प्रत्येक सत्र में विस्तृत चर्चा और तथ्य-खोज शामिल थी।

### गुकेश ने कारुआना को हराकर चौथा स्थान हासिल किया

**सेंट लुई (अमेरिका) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज से मिली हार से उबरते हुए वेस्ली सो और फैबियानो कारूआना की अमेरिकी जोड़ी को हराकर यहां ग्रैंड शतरंज टूर के सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। यह लगातार तीसरा दिन था जब गुकेश ने हार के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बावजूद वह चौथा स्थान हासिल करने में सफल रहे।

इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है और इसमें अभी 18 ब्लिट्ज गेम खेले जाने बाकी हैं। गुकेश से हारने के बावजूद कारुआना रैपिड वर्ग में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। उनके बाद लेवोन अरोनियन का नंबर आता है जिनके 13 अंक हैं।

**तैयारी** डल झील में 21 से 23 अगस्त तक होगी प्रतियोगिता, देश भर से खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

# खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभंकर जारी

**श्रीनगर :** प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त तक होने वाले पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (केआईडब्ल्यूएसएफ) के शुभंकर का बृहस्पतिवार को अनावरण किया गया।

इस प्रतियोगिता में देश भर से 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया कैलेंडर के तहत आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभंकर हिमालयन किंगफिशर होगा। इससे पूर्व इस साल मई में दीव में पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स आयोजित किए गए थे।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हिमालयन किंगफिशर... खेलों में रोमांच, प्रकृति और प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रतीक है। अपने गहरे नारंगी और नीले रंग के साथ यह ऊर्जा, शांति और कश्मीर की सुंदरता का प्रतिनिधित्व करता है। इस महोत्सव का आयोजन जम्मू एवं कश्मीर खेल परिषद द्वारा केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की मेजबानी में यह दूसरी खेलो इंडिया प्रतियोगिता होगी।



श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील जहां होगा खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल। **एजेंसी**

इससे पहले मार्च में गुलमर्ग ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की बर्फ में होने वाली स्पर्धाओं की मेजबानी की थी।

### राज्य ओलंपिक संघों को फिर मिले मताधिकार: पांडेय

- **लखनऊ :** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडेय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अनुरोध किया है कि राज्य ओलंपिक संघों को पुनः मताधिकार दिया जाए। आईओए की बुधवार को नई दिल्ली में हुई विशेष आम सभा (एसजीएम) के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विभिन्न राज्यों के ओलंपिक संघों के अध्यक्ष व महासचिवों ने शिरकत की।